रांची, सोमवार, 26 मई 2025
संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-13 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 261, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ अब व्यापार घाटे पर नियंत्रण जरूरी
सलमान खान होंगे दि ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 के पहले मेहमान ◂◂ 6

### पुलिस और नक्सलियों के बीच रात भर चली मुठभेड़

# नक्सली कमांडर मनीष यादव ढेर, 10 लाख का इनामी नक्सली कुंदन गिरफ्तार

**संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) का एक सदस्य मारा गया। उसके सिर पर पांच लाख रुपये का इनाम था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान एक अन्य उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मौहादंड पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत दौना के जंगल में रविवार रात सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।



कुंदन के सिर पर 10 लाख रुपये का इनामः पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने बताया, 'सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी मनीष यादव मारा गया। एक अन्य माओवादी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार किया गया। कुंदन के सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम बताया जा रहा है। हालांकि, रमेश ने कहा कि कुंदन के सिर पर इनाम की पुष्टि होना अभी बाकी है।

दो माओवादियों के मारे जाने के बमुश्किल दो दिन बाद चलाया गया अभियानः यह अभियान जिले में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा सहित दो माओवादियों के मारे जाने के बमुश्किल दो दिन बाद चलाया गया। पप्पू लोहरा पर 10 लाख रुपये का इनाम था। 24 मई को प्रतिबंधित झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के प्रमुख लोहरा और संगठन के उप-क्षेत्रीय कमांडर प्रभात गंझू मुठभेड़ के दौरान मारे गए थे। गंझू पर 5 लाख रुपये का इनाम था।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और झारखंड पुलिस का संयुक्त अभियानः लातेहार पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत इचाबार वन क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और झारखंड पुलिस की ओर से संयुक्त अभियान चलाया गया। लोहरा लोहरदगा, गुमला, चतरा, पलामू और लातेहार जैसे कई जिलों में हत्या, जबरन वसूली और आगजनी सहित 98 मामलों में वांछित था। रमेश के अनुसार, गंझू 15 मामलों में वांछित था। दोनों कथित तौर पर सितंबर 2021 में एक ऑपरेशन के दौरान झारखंड जगुआर के डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार की हत्या में शामिल थे।

### नहीं थम रहा हाथियों का आतंक

# मार्निंग वॉक पर गयी महिला को कुचलकर मार डाला

**कोडरमाः** जिले में हाथियों का आतंक इतना बढ़ गया है कि अब सिर्फ फसलों और घरों को नहीं बल्कि इंसानी जिंदगी के लिए भी नुकसान का सबब बन रहा है। कोडरमा के जयनगर थाना क्षेत्र के कोसमाडीह में मॉर्निंग वॉक पर निकली एक महिला अनीता देवी उर्फ लालवा देवी को हाथी ने कुचलकर मार डाला।

मृतक के बेटे ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हाथी देखने के बाद उसकी मां ने भगाने का प्रयास किया लेकिन वह भाग नहीं सकी और हाथी उसे



कुचलकर मार डाला। फिलहाल वन विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये बतौर सहायता राशि दी गई है।

इससे पहले भी हो चुके हैं हादसेः बता दें कि इससे पहले भी जयनगर थाना क्षेत्र के सतडीहा में शादी समारोह से लौट रहे एक बुजुर्ग को हाथियों ने कुचलकर मार डाला था। जबकि जयनगर से सटे बरकट्ठा में भी बीते दिन हाथी ने एक व्यक्ति की जान ली थी। फिलहाल महिला की मौत के बाद उसके परिजन और ग्रामीण आक्रोशित है और हाथियों को खदेड़ने के मामले में वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं।

## बरौनी ट्रेन से डेड बॉडी बरामद

**मुरी :**आज सुबह बरौनी ट्रेन से डेड बॉडी बरामद किया गया। एक जानने वाले ने बताया कि वह बोकारो कतरास का रहने वाला था। मुरी जीआरपी द्वारा डेड बॉडी का पंचनामा बनाया गया।



## अवैध बालू लदे वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत



**सिल्लीः** बीती रात अवैध बालू लदे वाहन की चपेट में आने से सिल्ली थाना क्षेत्र के बनसिया गांव निवासी अशोक बड़ाईक (31) की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि मृतक युवक तिलमीसेरेंग से अपने घर बनसिया लौट रहा था। इसी क्रम में गांव के समीप सिल्ली थाना क्षेत्र के राढू नदी से अवैध बालू लेकर तेज रफ्तार से आ रहे टिपर हाइवा ने उसे रौद डाला। दुर्घटना के बाद चालक सुनसान रात का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। सुबह ग्रामीणों के प्रयास से उक्त वाहन को टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के महिलौंग में पकड़ा गया। बताया यह जाता है कि ग्रामीणों ने इसकी सूचना टाटीसिलवे व सिल्ली पुलिस को दी। पुलिस उक्त टिपर हाइवा को जब्त कर थाने ले आयी है। उक्त गाड़ी का मालिक पांचू निवासी नगेन महतो बताया जाता है इस दुर्घटना के बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं।

## भारत में कोविड-19 के एक्टिव मरीजों की संख्या 1000 के पार, केरल में 430 मामले आये सामने



**नई दिल्लीः**देश में कोविड19 के एक्टिव केसों की संख्या 1000 पार कर गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिर से कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। राजधानी में पिछले एक सप्ताह में कोरोना के 99 मामले आए हैं। इस दौरान 24 मरीज ठीक हुए हैं और अभी 104 सक्रिय मरीज हैं। इसमें केरल राज्य में सबसे ज्यादा मरीजों की संख्या 430 है। केरल से लेकर कर्नाटक तक और महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक कोरोना के नए आंकड़े अब डराने लगे हैं। देश में एक बार फिर कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी लेटेस्ट डेटा के अनुसार, भारत में इस समय कुल 1009 सक्रिय कोविड-19 मामले हैं। साल में यह पहली बार है, जब देश में कोरोना के केस 1000 पार हुए हैं। स्वस्थ्य मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, भारत में 1009 एक्टिव मामलों में से 752 मामले हाल ही में सामने आए हैं। यह इस बात की ओर इशारा करता है कि कोरोना वायरस अब धीरे-धीरे मजबूती से अपना पैर पसार रहा है। यह कोरोना अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इससे बचने के लिए लोगों को संभल कर रहने की जरूरत है।

## कर्नाटक के तटीय इलाकों और केरल में भारी बारिश का रेड अलर्ट, एनडीआरएफ टीमें तैनात

**बंगलूरू :** केरल में मानसून का आगमन हो गया है और इसके साथ ही देश में मानसूनी बारिश का दौर शुरू हो गया है। महाराष्ट्र में भारी बारिश हो रही है। वहीं कर्नाटक के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं केरल के कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। प्रशासन ने लोगों को सावधान रहने के निर्देश दिए।

तटीय इलाकों में भारी बारिश का रेड अलर्टः कर्नाटक के तटीय इलाके दक्षिणी कन्नड़ जिले में बीते दो दिनों से तेज बारिश हो रही है, जो सोमवार को भी जारी रही। मौसम विभाग ने कर्नाटक के तटीय इलाकों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। हालात को देखते हुए सरकार ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती करने का फैसला किया है। मंगलूरू शहर में भारी बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव की समस्या हो गई है और सड़कों पर पानी भरने के चलते ट्रैफिक भी जाम हो गया है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की छिटपुट घटनाएं भी हुई हैं। जिन इलाकों में बड़े पैमाने पर जलभराव की समस्या हुई है, उनमें मंगलूरू शहर के कोट्टारा जंक्शन, मालेमार, महावीरा सर्किल, उर्वा, माताडाकिनी, कुडरोली, कोडियाबेल आदि इलाके शामिल हैं।

**एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमें तैनातः** जलभराव और भारी बारिश को देखते हुए जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र बंद करने का आदेश दिया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटों में पूरे तटीय इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है। प्रशासन ने पुत्तूर में एनडीआरएफ की एक टीम को तैनात किया है और मंगलूरू और सुब्रमण्य इलाकों में एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैं और उन्हें अलर्ट पर रखा गया है। जेसीबी, नौकाएं आदि को भी तैयार रखा गया है। भारी बारिश के चलते नदियों के किनारों पर स्थित निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका है।

## मुंबई में मूसलाधार बारिश से हाहाकार, रेड अलर्ट जारी

### 250 से अधिक उड़ानें और ट्रेन सेवाएं प्रभावित

**मुंबई :** सोमवार की सुबह एक डरावने सपने जैसी रही, जब लगातार मूसलाधार बारिश और गरज-चमक के साथ तेज हवाओं ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पहले सुबह येलो अलर्ट जारी किया था, लेकिन हालात बिगड़ते देख दोपहर में इसे रेड अलर्ट में बदल दिया गया। यह चेतावनी बेहद गंभीर मौसम स्थितियों की ओर इशारा करती है।



250 से अधिक उड़ानें देर से चलींः बारिश की मार सबसे ज्यादा निचले इलाकों पर पड़ी– कुर्ला, सायन, दादर और परेल में सड़कों पर पानी भर गया, जहां गाड़ियाँ घुटनों तक भरे पानी में फंसी नजर आईं। शहर के प्रमुख मार्गों पर जलभराव की वजह से ट्रैफिक ठप हो गया और हवाई सेवाओं पर भी बड़ा असर पड़ा। 250 से अधिक उड़ानें देर से चलीं या रद्द करनी पड़ीं।

मुंबई की जान मानी जाने वाली लोकल ट्रेन सेवाएं भी बारिश के आगे बेबस नजर आईं। सेंट्रल, वेस्टर्न और हार्बर लाइनों पर ट्रेनों की गति धीमी रही, हालांकि कुछ समय बाद सेवाएं सामान्य होने की जानकारी दी गई।

## आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप, एक आरोपी गिरफ्तार

**गोड्डाः** ललमटिया थाना क्षेत्र इलाके में आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल एक आरोपी को अरेस्ट भी कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, महिला अपने एक परिचन के साथ जा रही थी, सुनसान इलाके में थोड़ी देर आराम करने के लिए रूके। इसी दौरान वहां दो लोग आये और महिला के साथ मौजूद व्यक्ति से मारपीट करने लगे और उसे वहां से भगा दिया। इसके बाद दोनों आरोपियों ने महिला के साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। इस वारदात के बाद महिला के साथ मौजूद व्यक्ति पास के गांव में गया और वहां के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला से पूरी घटना की जानकारी ली। इसी दौरान इस घटना में शामिल एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ लिया जो ललमटिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं एक अन्य आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। महिला के साथ आए युवक ने बताया कि वे लोग महगामा से ललमटिया बस से आये और फिर वहां से पैदल रेल पटरी के किनारे से आ रहे थे।

# जो सिंदूर मिटाएगा, उसका मिटना तय है: पीएम मोदी

### आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, हमने उनके ठिकाने मिट्टी में मिला दिए

**दाहोद :** एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब कोई हमारी बहनो के सिन्दूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपनों में भी नहीं सोचा होगा मोदी से मुकाबला कितना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने जो किया, उसके बाद क्या भारत चुप बैठ सकता था? क्या मोदी चुप बैठ सकते थे? जब कोई हमारी बहनों और माताओं के माथे से सिंदूर मिटाता है, तो उसका मिटाना भी पक्का हो जाता है।

मोदी ने साफ तौर पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ. सैन्य कार्रवाई नहीं है, यह भारतीयों के मूल्यों और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवाद फैलाने वालों ने शायद कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से दुश्मनी कितनी कठिन हो सकती है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों



ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मोदी ने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है।

उन्होंने कहा कि मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। उन्होंने कहा कि भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विभाजन के बाद, नवगठित देश का एक ही लक्ष्य था - भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना। लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है - आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना है। वास्तव में विकसित भारत तभी संभव है जब हमारी सशस्त्र सेनाएँ मजबूत हों - और हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो। और हम पूरी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार गुजरात पहुंचे पीएम मोदी, रोड शो के दौरान लोगों ने बरसाए फूल

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के वडोदरा में सोमवार को रोड शो कर रहे हैं। पीएम ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार गुजरात पहुंचे हैं। उनके रोड शो में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी आज और कल गुजरात में रहेंगे। वे राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिवसीय गुजरात दौरे की शुरूआत वडोदरा में रोड शो के जरिए की। यहां भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के दौरान पुष्प वर्षा की। कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा, प्रधानमंत्री को आमने-सामने देखना बहुत गर्व का पल था। अपनी बहन सोफिया कुरैशी के बारे में उन्होंने कहा, हमारी डिफेंस फोर्स को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सोफिया को ये मौका दिया। औरतों के साथ जो गलत हुआ, उसका बदला एक औरत ले, उससे बेहतर कोई पल नहीं है। दुश्मनों को बता दिया कि हमारी औरतें किसी भी मर्दों से कम नहीं है। कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वां बहन शाइना सुन्सारा ने बताया, ह्यमैं खुद एक महिला हूं, मैं इस बात को महसूस कर सकती हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को कितना ऊपर उठा दिया। सोफिया कुरैशी मेरी जुड़वां बहन है। ये बहुत प्रोत्साहित करने वाली बात है। अब सोफिया सिर्फ मेरी बहन नहीं रही, अब वो पूरे देश की बहन बन गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में बजरंग साव की मौत

**खूंटी :** कर्रा रोड निवासी समाजसेवी बजरंग साव का रिम्स, रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे शनिवार रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बजरंग साव शनिवार रात लगभग 9:00 बजे अपनी स्कूटी से दुकान बंद कर अपने घर लौट रहे थे। तभी सिमडेगा-खूंटी मार्ग पर पेलोल बस्ती के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार के लिए पहले खूंटी सदर अस्पताल ले जाया गया। जहाँ से उनकी गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया। वहाँ इलाज के दौरान रविवार रात लगभग 1:00 बजे उनकी मौत हो गई। बजरंग साव एक सक्रिय समाजसेवी थे और खूंटी के धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनकी अचानक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक छा गया है। केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष अनूप कुमार साहू, सुनील कुमार साहू, बजरंग बेहाती, लव चौधरी, विकाश कुमार, बाबू साव सहित अनेक गणमान्य लोगों व खूंटी वासियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है, और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पुलिस हादसे की जाँच कर रही है और दोषी वाहन व चालक की तलाश जारी है।

### सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



**मुरी :** आज सुबह से ही सुहागन महिलाएं बट वृक्ष की पूजा कर रही हैं। महिलाओं ने कच्चा धागा पेड़ में बांधकर पति के दीघार्यु होने की कामना की। यह पूजा सिल्ली मुरी और ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला। रेलवे और हिण्डाल्को क्षेत्र में में भी बट वृक्ष की पूजा महिलाओं ने की। इस अवसर पर सुहागिनों ने सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण किया।

### व्रजपात से दो मवेशियों की हुई मौत

**चतरा:** शहर के किशनपुर मुहल्ला में रविवार को तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात के कारण दो जानवरों की मौत हो गई। बताया गया कि किशुनपुर मोहल्ला निवासी बुधन यादव का भैंस खेत में चारा खा रहा था। इसी बीच दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे जोरदार बारिश के साथ वज्रपात हो गई। बज्रपात की चपेट में दोनों जानवर आ गए। जिससे दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। दोनों जानवर में एक दुधारू भैंस तथा एक उसका भैसा था। इस दुर्घटना से बुधन यादव तथा उसके परिवार के लोग काफी मर्माहत हैं। भैंस का दूध बेचकर ही पीड़ित अपना जीविकापार्जन करते थे। इस आपदा से उनके आय का एकमात्र स्त्रोत भी समाप्त हो गया। इस बाबत उन्होंने जिला प्रशासन से इस आपदा के घड़ी में क्षतिपूर्ति का गुहार लगाई हैं।

### निजी स्कूलों के संचालकों ने याचिका दायर करने का लिया निर्णय

**चतरा:** झारखंड के निजी विद्यालयों के विभिन्न एसोसिएशनों की राज्य स्तरीय बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित गॉडफ्रे पब्लिक स्कूल में हुई। बैठक का नेतृत्व गॉडफ्रे के प्राचार्य नीरज कुमार ने किया। वहीं बैठक की अध्यक्षता अविनाश वर्मा व संचालन सर्वेश दुबे ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी शिक्षकों ने अपने स्थान पर खड़े होकर राष्ट्र गान किया।नीरज कुमार ने कहा कि निजी विद्यालयों के संचालक आज कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। समस्याओं के समाधान के लिए आज एक मंच एक आवाज के बैनर तले राज्य के निजी विद्यालयों के विभिन्न संगठनों के लोग एक जगह एकत्रित होकर अपनी आवाज को बुलंद करने का काम किया है। कार्यक्रम में राजधानी रांची धनबाद , गढ़वा पलामू , हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह रामगढ़, चतरा, लातेहार जिला से निजी विद्यालयों के संचालक मौजूद थे।

### घर के बाहर से बाइक की चोरी, थाने में आवेदन

**चतरा:** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के मतकोमा गांव से अज्ञात चोरों ने घर के बाहर लगे ग्लेम्बर बाइक नम्बर बीआर -02 एएस -4046 की चोरी कर ली। बाईक ग्राम नवादा थाना रौशन गंज, प्रखंड बांकेबाजार बिहार के संतोष यादव की बताई जाती है। काफी खोजबीन के बाद भी भुक्तभोगी को बाइक नहीं मिली। भुक्तभोगी ने रविवार को प्रतापपुर थाने में आवेदन देकर बाइक बरामद करने एवं चोरों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।भुक्तभोगी संतोष यादव ने बताया कि शनिवार को वह सिजुवा पंचायत के मतकोमा गांव अपने ससुराल परिवार व बच्चो से मिलने आया था।घर के बाहर बाईक को लगाकर सो गए थे।रविवार सुबह जब उठे तो उक्त स्थान पर लगाया गया बाइक गायब था।

### सुहागिन महिलाओं ने की अखंड सौभाग्य की कामना



**चतरा:** जिले के सभी प्रखंडो में अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को वट सावित्री की पूजा की।

इटखोरी प्रखंड स्थित भद्रकाली मन्दिर परिसर स्थित बरगद के वृक्ष के नीचे एकत्र होकर महिलाओं ने सामूहिक रूप से कथा का पाठ किया।वट सावित्री व्रत करने से अखंड सौभाग्य, सुखी वैवाहिक जीवन और पति की लंबी आयु की प्राप्ति का वरदान मिलता है।सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग के दीघार्यु होने और उनकी कुशलता के लिए पूजा-उपासना किया। वट सावित्री पूजा करने का शुभारंभ सुबह 4:00 बजे सुबह से ही हो गई। जो दोपहर तक चली । सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा अर्चना करने के पश्चात मां भद्रकाली मंदिर में भी पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। वटवृक्ष पूजन के लिए सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार से से धज कर निर्जला व्रत के साथ पूजन सामग्री में सिंदूर, रोली, फूल, धूप, दीप, अक्षत, कुमकुम, रक्षा सूत्र, मिठाई, चना, फल, दूध, बांस के पंखे, नये वस्त्र के साथ एकत्रित होकर विधि विधान से वटवृक्ष की पूजा अर्चना की और सावित्री - सत्यवान तथा यमराज के कथा का श्रवण किया।

### थाना प्रभारी ने की पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक

चतरा: हंटरगंज थाना परिसर में रविवार को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने एक बैठक किया। बैठक में थाना प्रभारी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। वहीं बैठक में थाना प्रभारी ने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि किसी भी समस्या को लेकर आए सामाधान के लिए यथा शीघ्र प्रयास किया जाएगा।

# कोई हमारी धरती पर आतंकवाद को बढ़ावा देगा तो परिणाम 'ऑपरेशन सिंदूर' से अधिक गंभीर होंगे: ओम बिरला

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बीते रविवार को कहा कि अगर कोई भारतीय जमीन पर आतंकवाद को बढ़ावा देगा तो ह्यह्यऑपरेशन सिंदूर से भी अधिक गंभीर परिणाम होंगे।" सीमा पार आतंकी ठिकानों को दक्षतापूर्ण तरीके से तबाह करने के लिए भारतीय सेना की वीरता और साहस की प्रशंसा करते हुए बिरला ने कहा कि भारत न केवल अपनी रक्षा करेगा बल्कि आतंकवाद का सफाया करने के लिए नई नीतियों और कार्यक्रमों को भी लागू करेगा। जमशेदपुर में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एससीसीआई) के कौस्तुभ जयंती (75वीं वर्षगांठ) समारोह के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से दुनिया में कहीं भी आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक रूप से लड़ने का आह्वान किया है ताकि इस खतरे को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने यह साबित कर दिया है कि अगर कोई देश हमारे क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो उसके परिणाम ह्यऑपरेशन सिंदूर' से भी अधिक गंभीर होंगे।"

ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना की सफलता के लिए स्वदेशी रक्षा उद्योग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत पहले तकनीकी, उद्यमिता और कौशल की कमी के कारण रक्षा उपकरण आयात करता था, लेकिन पिछले एक दशक में देश धीरे-धीरे न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि रक्षा उपकरणों के निर्यात में भी विश्व में अग्रणी बनने की कगार पर है। बिरला ने कहा, ह्यह्यमोदी जी ने घरेलू उद्योगों को नयी दिशा दी है। उन्होंने आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल दिया है।" लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी विश्व परिदृश्य के



बावजूद भारत अवसरों की भूमि है। उन्होंने कहा कि देश में अपनी बौद्धिक क्षमता और नवीन विचारों, प्रौद्योगिकी और युवा एवं कुशल मानव संसाधनों के साथ दुनिया का नेतृत्व करने की पर्याप्त क्षमता है। उन्होंने कहा, हमारे पास क्षमता और युवा एवं कुशल मानव संसाधन हैं, जिसकी दुनिया में कमी है। उन्होंने कहा, जापान और रूस जैसे विकसित देश यह मानकर हमारे देश में आते हैं कि भारत के पास विशाल बौद्धिक ज्ञान और नवीन विचार हैं।" उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े उद्योग भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उचित सुधार लाने और उद्योग-अनुकूल नीतियों को लागू करने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर हम तेजी से बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए उद्योग-अनुकूल नीतियों को बनाना जारी रखते हैं, तो देश का सामाजिक-आर्थिक विकास गति पकड़ेगा।" विकसित देशों में प्रगति का श्रेय भारतीय प्रतिभा को देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल प्रौद्योगिकी, सेवा और पेशेवर क्षेत्रों में बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है, जबकि कई वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भारतीय हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमारे पास नेतृत्व करने की पर्याप्त क्षमता है, लेकिन हमें अपनी क्षमता का अधिकतम उपयोग करने की आवश्यकता है... भारत अवसरों की भूमि है और यहां तेजी से विकास की संभावनाएं हैं। साथ ही, यदि हम विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हैं, तो रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।"

बिरला ने कहा अब तक दोहन नहीं किए गए क्षेत्रों का लाभ उठाने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) को अनुसंधान केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। जमशेदपुर के वन क्षेत्र में एक सदी पहले देश का पहला इस्पात संयंत्र स्थापित करने के लिए टाटा स्टील के संस्थापक जे एन टाटा की सराहना करते हुए बिरला ने कहा कि उन्होंने न केवल एक इस्पात संयंत्र स्थापित किया, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास भी सुनिश्चित किया। इस अवसर पर बिरला के अलावा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और भाजपा सांसद विद्युत बरन महतो भी मौजूद थे।

### हिंडाल्को ठेका मजदूर यूनियन के अध्यक्ष बने अमित महतो, कहा

## मजदूरों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्ली:** रविवार को सिल्ली किसान भवन में हिंडाल्को ठेका मजदूर यूनियन का अधिवेशन संपन्न हुआ । जिसकी अध्यक्षता पूर्व जीएस जीवराज महतो ने की। इस अधिवेशन में एचएमएस के राष्ट्रीय संगठन सचिव रघुनंदन राघवन एवं चंद्रेश्वर सिंह को विशेष आमंत्रितत किया गया था। अधिवेशन को संबोधित करते हुए विधायक अमित महतो ने कहा कि हिंडाल्को यहां के विस्थापितों के जमीन में स्थापित है और विस्थापित लोगों को ही शोषण कर रहा है, इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा श्री महतो ने मजदूरों को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि जो भी ठेकेदार मजदूरों का शोषण करेगा उनके विरुद्ध श्रम विभाग में शिकायत करते हुए काली सूची में डालने का काम किया जायेगा।



एचएमएस के रघुनंदन राघवन ने कहा कि मजदूरों को अपने हित की सुरक्षा करने के लिए संघठन का जरूरत पड़ती ही है जो मजदूरों का हक और अधिकार कि लड़ाई को आगे ले जाती है। जीवराज महतो ने कहा की हिंडाल्को में शोषण चरम पर है और इसका विकल्प सिर्फ संघगठन है। इसके बाद चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से स्थानीय विधायक अमित महतो को अध्यक्ष चुना गया, कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन राघवन कार्यकारी अध्यक्ष तथा जीवराज महतो को वरीय उपाध्यक्ष, सदानंद सोनार शैलेन्द्र महतो नदरू महतो उपाध्यक्ष, बुद्धेश्वर महतो महासचिव संगठन प्रहलाद प्रामाणिक संगठन सचिव, कन्हाई बेदिया कोषाध्यक्ष, योगेन्द्र महतो भागूलाल हजाम कल्याण सचिव चुने गए.अधिवेशन का धन्यवाद ज्ञापन राजू महतो ने दिया।

### पिपरवार के नये थाना प्रभारी अभय कुमार ने दिया योगदान

## शांति व कानून व्यवस्था स्थापित करना प्राथमिकता: अभय कुमार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा:** पिपरवार थाना के नये थाना प्रभारी के रूप मे अभय कुमार ने रविवार को अपना योगदान दे दिया है ।उन्होंने पिपरवार थाना मे 24वें थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दिया है ।इससे पूर्व वह चतरा सदर थाना मे पदस्थापित थे ।थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान देने के साथ ही अभय कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। जानकारी के अनुसार अभय कुमार के कार्यभार संभालने के पश्चात पिपरवार थाना के पुलिस पदाधिकारियो ने बुके,शॉल और श्रीफल देकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने थाना परिसर मे स्थानीय पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर पिपरवार क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पत्रकारों से बात करते हुए थाना प्रभारी अभय कुमार ने कहा कि पिपरवार एरिया एक ओधौगिक क्षेत्र है और यहां पर शांति एंव कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। कोयलांचल क्षेत्र में अपराध एवं उग्रवाद पर नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता है,साथ ही क्षेत्र के ग्रामीण,व्यवसायिक, राजनैतिक दलो से समन्वय



स्थापित कर अच्छी पुलिसिंग करने का प्रयास करेंगे। आम जनता के साथ बेहतर और मधुर संबंध स्थापित कर पिपरवार पुलिस काम करेगा ।उन्होंने कहा कि नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ पिपरवार पुलिस का नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी रहेगा ।उन्होंने किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत देने की अपील की है ।साथ ही पिपरवार थाना क्षेत्र के सभी आम और खास लोगों से पिपरवार पुलिस को सहयोग करने की अपील की है ।इस मौके पर अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार,अंजनी कुमार सहित पिपरवार थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### मारपीट में एक घायल, रिम्स रेफर

**चतरा:** सदर थाना क्षेत्र के गेरी गांव में रविवार को भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। इसमें शंभू यादव नामक एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद शंभू यादव को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर किया गया है। इस मामले में घायल ने नावाडीह के रहने वाले बिनोद साव, आदित्य साव, मुकेश साव, महावीर साव, मदन राम, हुलास साव, ईश्वर साव, लखन साव सहित अन्य आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध सदर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। थाना को दिए आवेदन में घायल शंभू यादव ने बताया है कि वह अपने जमीन पर कुंआ बनवा रहा था। तभी उपरोक्त लोग लाठी डंडे से लैस होकर वहां पहुंचे और उसपर हमला कर दिया।

## संकुल स्तरीय वाटिका के शिक्षक- शिक्षिकाओं की कार्यशाला शुरू

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा:** स्थानीय इंदुमति टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय चतरा के तत्वाधान में रविवार को संकुल स्तरीय शिशु वाटिका के शिक्षकों का पांच दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस गर्ल्स ,चतरा की प्राचार्या नीतू प्रजापति, विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय अध्यक्ष संतन पांडेय, विद्यालय प्राचार्य रमेश कुमार सिंह,संकुल वाटिका प्रमुख संगीता कुमारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जोरी विद्या मंदिर के प्राचार्य प्रमोद कुमार पाठक,इटखोरी के प्राचार्य अरुण कुमार, पत्थलगड्डा के प्राचार्य अक्षयवट दयाल शर्मा,गिद्धौर के प्रभारी प्राचार्य अभिमन्यु कुमार,वाटिका पर्यवेक्षक अंजनी सिन्हा समेत संकुल के 54



शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला 25 मई से 29 मई तक चलेगा। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का परिचय कराते विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार सिंह ने इस प्रशिक्षण में शिशु वाटिका के छात्र छात्राओं के शैक्षिक कार्य हेतु साधन-सामग्री , बस्ता विहीन शिक्षा, सुवर्णप्राशन,खेल खेल में शिक्षा और क्रिया आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा, एवं वाटिका के शिक्षक शिक्षिकाओ ने विकास वर्ग कार्यशाला में विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि जिस प्रकार किसी बिल्डिंग का नींव उसके सबसे नीचे की ईट पर टिकी होती है वैसे ही पूरे विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था का नींव वाटिका खंड पर टिकी होती है। कार्यक्रम की प्रस्तावना की औपचारिकता पूरा करते हुवे संकुल की वाटिका प्रमुख संगीता कुमारी ने वाटिका के 12 शैक्षणिक व्यवस्थाएं,14 क्रियाकलाप और वाटिका के 5 आयाम से सबों को रूबरू कराया ।उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में आप जो कुछ भी सीखेंगे उसका विद्यालय में निश्चित तौर में प्रयोग करेंगे जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके जिसमें बच्चों में ज्ञानेंद्रियों के साथ उनके कर्मेंद्रियों का विकास होगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्या नीतू प्रजापति ने अपने उद्बोधन में एनईपी 2020,ईसीसीई शिक्षा,शिक्षा में कौशल विकास और तकनीकी ज्ञान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी को साझा किया। उन्होंने बताया कि हमें विद्यालय में एक ऐसा माहौल क्रिएट करना चाहिए जिसमें बच्चे खेल खेल में ही क्रियाकलाप के माध्यम से पढ़ाई कर सके,उनके मन में न डर रहे और ना ही वह पढ़ाई से कतराए ,उनके अंदर झिझक न पनपे अपितु ऐसा खुशनुमा माहौल बनाना चाहिए जिससे बच्चे घर जाने की जिद ही न करे। उन्होंने कहा शिक्षा कौशल विकास में इस तरह का प्रशिक्षण की नितान्त आवश्यकता है ।मंच संचालन विद्यालय आचार्या सुप्रिया कुमारी ने की।

### द प्रेस क्लब चतरा कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक, लिए गए कई निर्णय

## भारतीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम का होगा आयोजन

### उत्कृष्ट योगदान के लिए जिले के पत्रकारों को किया जायेगा सम्मानित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा:** जिला मुख्यालय के जलछाजन भवन परिसर स्थित द प्रेस क्लब कार्यालय में द प्रेस क्लब कार्यकारिणी समिति की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन सिंह और संचालन सचिव जितेंद्र तिवारी ने की। पत्रकारों के मासिक बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों को द प्रेस क्लब से जोड़ा जायेगा। इसके लिए सदस्यता समीक्षा समिति का गठन किया गया। जिसके सदस्य वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर धीरेंद्र प्रसाद, नौशाद आलम, दीनबंधु, प्रवीण रस्तोगी, चंद्रेश शर्मा, संजीत मिश्रा बनाये गये। द प्रेस क्लब कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष का पद रिक्त था। सर्वसम्मति से सत्येंद्र मित्तल को कोषाध्यक्ष पद के लिए मनोनयन किया गया। जिले के कई ऐसे विशिष्ट व गणमान्य हैं जो द प्रेस क्लब के एसोसिएट मेंबर बनने के इच्छुक हैं। उन्हें अगले माह कार्यक्रम आयोजित कर सदस्यता दी जाएगी और समारोह में सम्मानित किया जाएगा। आगामी 30 मई को भारतीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकारों के द्वारा न्यूज/फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी लगाने वाले जिले के पत्रकारों को पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।



प्रविष्टि का आमंत्रण और चयन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसके सदस्य में नौशाद आलम, ठाकुर धीरेंद्र, दीनबंधु, नवीन कुमार पांडेय, अभिमन्यु सिंह व अन्य को शामिल किया गया है। खबर छपने के बाद एक अधिवक्ता के द्वारा पत्रकारों को लीगल नोटिस देने पर नाराजगी व्यक्त की गई। द प्रेस क्लब के अध्यक्ष के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिलकर इसकी शिकायत की जायेगी। कुंदा प्रखंड में खबर संकलन के लिए गए पत्रकार चंद्रेश शर्मा को लेकर उन पर लगाए गए आरोप पर भी चर्चा की गई। चंद्रेश शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस पूरे प्रकरण में पत्रकारिता धर्म निभाया है और निर्दोष हैं। एक व्यक्ति और उसके गुर्गों के द्वारा गलत अफवाह फैलाई गई। जो पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने घटना से संबंधित वीडियो जारी कर बताया कि नकली दवा बेचे जाने की शिकायत के बाद न्यूज संकलन के लिए गए हुए थे। एक एडिटेड शॉर्ट वीडियो से उनकी छवि को खराब करने की साजिश रची गई। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर धीरेंद्र प्रसाद, नौशाद आलम, दीनबंधु, चंद्रेश शर्मा, नवीन पांडेय, प्रवीन रस्तोगी, सत्येंद्र मित्तल, उपाध्यक्ष परमानंद आर्य, संजीत मिश्रा, जितेंद्र कुमार, अभिमन्यु सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा, रखा उपवास





**संवाददाता**

**रांचीः** आज वट सावित्री है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा कर रही हैं। सोलह श्रृंगार कर महिलाएं सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे पहुंच कर पूजा अर्चना कर कथा सुनीं। वट सावित्री पूजा के लिए सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु कामना को लेकर पूजा अर्चना व परिक्रमा की। वट वृक्ष में मौली धागा बांधा और अपने पति की दीघार्यु की मंगलकामना की। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन यह व्रत रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करती हैं। इस दिन महिलाएं पति के दीघार्यु और अपने सुखी वैवाहिक जीवन के लिए उपवास रखती है। ऐसा माना जाता है कि सावित्री ने यमराज से लड़कर अपने कठिन तपस्या से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाई थी। इसी प्रेरणा से वट सावित्री व्रत रखा जाता है और सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए पूजा करती हैं ताकि महिलाओं का सुहाग बना रहे।

## बड़ा पूजा का हुआ आगाज, महिलाएं और युवा शोभायात्रा में हुए शामिल, लगे जयकारे



**संवाददाता**

**रांचीः** डोरंडा मनीटोला स्थित मां मनोकामना काली मंदिर में जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बड़ा पूजा का शुभारंभ रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस विशाल शोभायात्रा में पद्मश्री मुकुंद नायक की सांस्कृतिक टीम, बंगाल से मंगाई गई ढाक और छत्तीसगढ़ की सिंधी बाजा ने विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक मां काली के जयघोष के साथ शामिल हुए। सचिव पवन पासवान ने जानकारी दी कि 26 मई को प्रातः 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक मुख्य पूजन का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि बड़ा पूजा आपसी सहभागिता और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन चुका है।

वर्ष 1978 से चली आ रही परंपराः मुख्य पुजारी रामेश्वर पासवान ने बताया कि बड़ा पूजा की परंपरा वर्ष 1978 में शुरू हुई थी, जो अब एक भव्य वार्षिक आयोजन का रूप ले चुकी है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी स्वेच्छा से पूजा-अर्चना में भाग ले रहे हैं। बड़ा पूजा एक आस्था का केंद्र है झारखंड के साथ साथ छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल , बिहार जैसे अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रृद्धालु मां काली के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कल यानी कि 26 मई को एक लाख भक्तों की आने की संभावना है बता दे विशेष भोग प्रसाद का भी आयोजन किया गया है।

**पश्चिम बंगाल के चंदननगर से आकर्षक लाइटें मंगाई गई हैंः** बड़ा पूजा के दौरान पश्चिम बंगाल के चंदननगर से बेहद ही आकर्षक लाइटें मंगाई गई जो मन मोह ले रही हैं। श्री कृष्ण लीला को प्रस्तुत करते हुए तोरण द्वार लगाई गई है। बड़ा पूजा में वर्षों से भाग लेने वाली हटिया निवासी रानी जायसवाल बताती है कि मां मनोकामना काली मंदिर में आयोजित होने वाली बड़ा पूजा बेहद खास है इस दिन मां के अलौकिक रूप का दृश्य हमें देखने को मिलता है। लंबी कतार में खड़े होने के बावजूद भी मां के दर्शन में कोई कमी नहीं रहती यहां पूजन कर मन को शांति मिलती है। उनका कहना है जो भी परेशानी होती है उसका निराकरण मां की दर्शन कर हो जाती है। जब से मंदिर की स्थापना हुई है तब से लेकर आज तक लगातार बड़ा पूजा में सहपरिवार शामिल हो रहे हैं।

वहीं बड़ा पूजा के दौरान कई इलाकों से लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसी ही एक भक्त है मोराबादी निवासी अदिति राय जो बड़ा पूजा को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले 28 साल से मां मनोकामना काली मंदिर में जा रहे हैं खास कर बड़ा पूजा के दिन जाना यहां सौभाग्य की बात होती है मैं हर वर्ष बड़ा पूजा के दिन मां काली के दर्शन के लिए पहुंचती हूं। उनका कहना है यहां जो भी मनोकामना की जाती है वोह पूर्ण होती है।

**विशिष्ट उपस्थितिः** कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, बीरेंद्र प्रधान, अशोक राय, सुबोध सिंह गुड्डू, दीपू सिन्हा, शंभु गुप्ता, आलोक दुबे, मेहुल दुबे,सत्यनारायण अग्रवाल, राजा पासवान, प्रमोद पासवान, चंद्र भूषण सिन्हा, जयंत राय, सौरभ राय, सुनीता मिंज, उर्मिला उरांव, रानी जायसवाल समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सक्षम इंसान का सबसे खूबसूरत पक्ष है दान देना : कमल सांघवी



**रांचीः** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में रांची के करमटोली चौक स्थित सेलिब्रेशन हॉल में मेजर डोनर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

रोटरी के पीआरआईडी कमल सांघवी ने कहा कि दान देना एक सक्षम इंसान का सबसे खूबसूरत पक्ष होता हैं। उनकी ऐसी प्रवृति से समाज में शिक्षा, चिकित्सा, गरीबी उन्मूलन जैसे प्रयासों को सफलता मिलती है। इसलिए हम सभी लोग दान देने के सुख को महसूस करें। समाज के सभी वर्गों के लिए एक सशक्त भविष्य गढ़ने में रोटरी क्लब के योगदान को निरंतर आगे बढ़ाते रहें।

डीजी विपिन चाचन ने कहा कि समाज में बड़े बदलाव दान से ही संभव हो पाते हैं। दिया हुआ दान बदलाव के लिए आवश्यक आर्थिक जरूरतों को पूरा करता है। दान का यह परमार्थ कार्य हमारे और आपके जीवन में फलीभूत होता है। सभी लोग मिलकर रोटरी के स्वर्णिम सफर को आगे बढ़ाने का प्रण लें।

पीडीजी आलोक गुप्ता ने कहा कि समाज की मदद के लिए अपनी बंद मुट्ठियों को जरूर खोलें। मौजूदा समय में हम और आप एकजुट हो जाएं, तो समाज की जरूरत के लिये निर्धारित कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहेगा।

डीजीसीसी मनीष जैन ने कहा कि एक साल में ग्लोबल ग्रांट की मदद से हमलोग 20 बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतार पाए हैं। हमारी थोड़ी से कोशिश रोटरी के सेवा मिशन को और सशक्त बनाने में मददगार साबित होगी।

डीजीएनडी मुकेश तनेजा ने भावी परियोजनाओं को सामने रखते हुए कहा कि क्लब की एक महत्वपूर्ण परियोजना में प्रत्येक जिले में वृद्धा आश्रम खोलना है। आज बुजुर्ग वर्ग जिस तरह परिवार और सोसाइटी में उपेक्षित है, उनके लिए क्लब यह प्रयास उन्हें सम्मान से जीवन गुजारने में वरदान साबित हो सकता है।

अध्यक्ष गौरव बॉगरॉय ने बताया कि रोटरी राँची के द्वारा एक महीने के अंदर सदर अस्पताल रांची एक में मेमोग्राफी मशीन लगाया जाएगा। यह कदम स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम संयोजक राजीव मोदी ने कहा कि रोटरी परिवार का इतिहास है कि इसने हमेशा से पूरी दुनिया को कुछ न कुछ देने का प्रयास किया है। यही वजह है कि सेवा क्षेत्र में रोटरी विशिष्ट पहचान रखता है। हम सब अपने प्रयासों से इसे और बुलंदी तक पहुंचाने का प्रयत्न करते रहें।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए दीपक डोकानिया ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से मानवीय पहल और समाज के प्रति जिम्मेदारी को और प्रगाढ़ बनाता रहा है। हमारे किये प्रयास दूसरों के लिए भी प्रेरणादायी बनते रहे हैं। हम यह हमेशा याद रखें कि अपने लिए तो हम जीते ही हैं, दूसरों के लिए जीना भी अर्थपूर्ण है।

इस अवसर पर सभी मेजर डोनरों को सम्मानित करते हुए सेवा क्षेत्र में अपने सफर को और रफ्तार देने का संकल्प लिया गया।

आयोजन को सफल बनाने में शाहिद पॉल, विनय ढानढनिया, ललित त्रिपाठी, विनोद सरावगी, रविन्द्र सिंह चड्ढा, हितेश भगत, हरमिंदर सिंह, पूनम छाबड़ा, सुरेश साबू, सुमित अग्रवाल, ख्याति मुंजाल, अमित अग्रवाल, अजय साबू, रजत बहल, पवन जायसवाल, कांता मोदी, परमजीत चड्ढा, राबिया पॉल, रश्मि अग्रवाल, गौरव प्रशांत, गिरीश अग्रवाल, भावना तनेजा, शालिनी सिंघानिया, आस्था बहल, प्रवीण राजगढ़िया आदि का योगदान रहा।

**20 परियोजनाओं पर खर्च हुए एक मिलियन डॉलरः** समारोह में बताया गया कि मेजर डोनरों की मदद से लगभग एक मिलियन डॉलर की लागत से इस वर्ष रोटरी क्लब 20 बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतार चुका है। इसमें बक्सर, नवादा, मोतिहारी, भागलपुर, मुजफ्फरपुर में डायलासिस मशीन, गया में एडवांस्ड कार्डियेक एम्बुलेंस, रांची सदर हॉस्पिटल में मेमोग्राफी मशीन, जमशेदपुर के सत्य साईं हॉस्पिटल में नवजात बच्चों के लिए आईसीयू, जमशेदपुर के राजस्थान सेवा सदन में आईसीयू, कोडरमा में एडवांस आई क्लिनिक, रांची और पटना में आई क्लिनिक मोबाइल बस, पटना के महावीर कैंसर संस्थान में कैंसर स्क्रीनिंग वैन की सुविधा दी गई है। इसके अलावा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण परियोजना उम्मीद की किरण, मेंटली चैलेन्ज बच्चों के लिए विशेष सुविधा, हैप्पी फैमिली किट आदि परियोजना को उतारा गया है।

## पंच परगना सुंडी संघ के वरीय पदाधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के गांवों का किया दौरा,कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**संवाददाता**

**रांचीः** पंच परगना सुंडी संघ के वरीय पदाधिकारियों ने 25 मई को पश्चिम बंगाल प्रदेश सुंडी संघ के बैनर तले तुलीन, डूमरडीह, बरजोपुर गांव का दौरा किया। सर्व प्रथम तुलीन पहुंचने पर पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के संयोजक कृष्णा मुरारी साहु, जुझारू अध्यक्ष बाबुल साहु अपने पूरे तुलीन संगठन के माननीयों के सामूहिक सहयोग से पंच परगना सुंडी संघ के उपाध्यक्ष अजीत साहु, मनोज साहु, सचिव उपेन्द्र साहु, सह सचिव सिद्धार्थ साहू, एवं ब्रजेश साहु जी का बुके एवं शाल ओढ़ाकर सभी का स्वागत किया। पूर्वाहन 11:30 बजे तुलीन स्थित संजय क्लोथ के सभागार में बैठक शुरू होने से पहले स्व चंचला साहु, स्व संजय साहु एवं समाज के स्व आत्माओं के सम्मान याद में 2 मिनट का मौन रखा गया तत पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बाबुल साहु ने कहा कि हमलोगों का पंच परगना क्षेत्र के सुंडी शौंडिक जाति को एक जुट होकर सबके समस्याओं के निदान के लिए सभी अग्रणी नेताओं को प्रयास करने की आवश्यकता है। कृष्णा मुरारी साहु ने कहा कि हम सभी को एक जुट रहने से पूरे सुंडी समाज का भला होगा। उपाध्यक्ष अजीत साहु ने कहा कि पंच परगना सुंडी शौंडिक संघ वट वृक्ष के सामान मजबूत है, जो कभी नहीं सुख सकता, पश्चिम बंगाल सुंडी समाज के हर समस्याओं के निदान के लिए पंच परगना सुंडी संघ एवं पश्चिम बंगाल सुंडी संघ संयुक्त रूप से एक दूसरे के परस्पर विकास को लेकर चलेगा इसमें सभी का सहयोग लिया जाएगा। तुलीन के उदय साहु ने एक समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुरी हिंडालको में लोड अन लोड एवं रसारिंग सप्लाई जो पिछले 30 वर्षों से स्व श्रीपदों साहु, शशि साहु हिंडालको में सफलाई करते आ रहे थे जो स्व विजय साहु जी के बाद अभी ठेका सफलाई का काम बंद कर अपने समाज के ही ठेकेदार इनको निलंबित कर दूसरे सफलाइर को बे वजह दूसरे ठिकेदार को कॉन्टेक्ट का काम दे देने से पूरा पश्चिम बंगाल सुंडी संघ नाराज चल रहा है। बहुत जल्द इस मुद्दे पर हिंडालको में हमारे समाज के ठेकेदारों से संपर्क स्थापित कर समस्या का समाधान के लिए पहल किया जाएगा। तुलीन के बैठक के बाद डूमरडीह बरजोपुर गांव में भी जनसंपर्क अभियान चलाया गया। बहुत जल्द सभी के साकारात्मक समर्थन सहयोग से एक सुंडी शौंडिक जाति की शैक्षणिक राजनीतिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक उत्थान,विकास जैसे अनेक मुद्दों पर बैठक आयोजन किया जाएगा। तुलीन से बाबुल साहु, सरोज साहु, ग्राम पंचायत सदस्य पूर्णिमा साहु, रामेश्वर साहु, पंचानंद साहु, राजीव साहु, मुकेश साहु, संतोष साहु, वंशी साहु, विकाश साहु, शशि साहु,अजय भगत, कृष्णा मुरारी साहु, राज साहु, सीता राम साहु, तुलीन से भोलानाथ साहु, अजीत साहु, भरत साहु, डूमरडीह से आकाश साहु संजय साहु आकाश साहु, विकास साहु,सरोज साहु, लखनलाल साहु के अलावा अनेक सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होकर जनसंपर्क अभियान को सफल बनाए। तुलीन की बैठक की अध्यक्षता बाबुल साहु, बरजोपुर की बैठक की अध्यक्षता अजित साहु ने की। पंच परगना सुंडी शौंडिक संघ के उपाध्यक्ष अजीत साहु मनोज साहु, सचिव उपेन्द्र साहु, सह सचिव सिद्धार्थ कुमार, एवं बृजेश साहु ने बताया कि जनसंपर्क अभियान आगे भी जारी रहेगा। जनसंपर्क अभियान पूरा होने के पश्चात सभी के सामूहिक सहयोग से एक पंच परगना क्षेत्र के बीच स्थान चयन कर एक महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## उलेमा व काजियों का फैसला, गैर शरई निकाह नहीं पढ़ाएंगे



**रांची :** अंजुमन मुसाफिर खाना में आसान व मस्नून निकाह पर इल्मी मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के उलेमा, काजी, मुफ्ती, मौलाना, अंजुमन, सोसाइटी, तंजीम, पंचायत, क्लब आदि के पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वसम्मति से उलेमा और शहर काजीयो ने लिया निर्णय गैर शरई निकाह नहीं पढ़ाएंगे। पंचायत, तंजीम व आवाम ने कहा बम पटाखे डीजे, डांस वाला शादियों का होगा बहिष्कार। निकाह को आसान बनाने का भी लिया निर्णय। ज्ञात होकी सामाजिक संस्था आम जनता हेल्पलाइन ने समाज में आसान व मसनून निकाह को बढ़ावा देने के लिए एक अजीमुश्शान इल्मी मजलिस का आयोजन किया। मुस्लिम समाज में निकाह को मुश्किल और खचीर्ला बना दिया गया है। जिस की वजह जेना आम और निकाह मुश्किल होता जा रहा है। आज हमारी शादियों में नाच, गाना, डीजे और बम पटाखे जैसी गैर रस्मी चीजें शामिल हो गये हैं। इन्हीं बुराईयों से बचने और लोगों को बेदार करने साथ साथ निकाह को आसान बनाने के लिए उलेमा व शहर काजियों और शहर के विभिन्न संगठनों के जिम्मेदारों की एक अहम बैठक हुई। इस मजलिस की अध्यक्षता मौलाना तौफीक कादरी ने की और संचालन वरिष्ठ पत्रकार हाजी फिरोज जिलानी ने किया। इस इजलास में तीन सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया। निकाह को आसान करना, पंचायत, तंजीमो और आवाम को इस बात के लिए जागरूक करना कि शादियों में गैर इस्लामी, रस्मो को रोकना। उलेमा, शहर काजी के संयुक्त समन्वय से गैर इस्लामी रस्मो वाली शादियों पर रोक लगाना।

## एक्वा वर्ल्ड में 'पंजाबी संडे' का भव्य आयोजन





**रांचीः** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम पंखा पंजाब की समृद्ध कला और संस्कृति को समर्पित रहा। सारे कार्यक्रम पंजाबी थीम पर आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत में सीबीएस डांस ग्रुप के द्वारा 'मुंडियान तो बच के' गीत पर नृत्य पेश किया गया जिसके कोरियोग्राफर स्वस्तिक राज थे।नृत्य में हिस्सा लेने वाले में रिया, अहम,मानसी, निर्मला,समृद्धि प्रमुख थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न ग्रुपों ने हाई रेटेड गबरू, हो जाएगी बल्ले बल्ले, बोलो तरारा, लहंगा, एक्सक्यूजस, आदि गीतों पर जमकर नृत्य किया। पंजाबी संडे में बड़ी संख्या में पंजाबियों की भागीदारी रही। पंजाबी व्यंजन का भी स्टॉल लगाया गया था। जिसमें मकई की रोटी और चने का साग दिया जा रहा था। दीपांजलि ग्रुप के निदेशक विपुल नायक, देव ज्योति नाहा,नीतू कुमारी, डेविड, गौतम व अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव,लोकेश, प्रद्युम, आनंद, साहिल व अन्य उपस्थित थे। अगला रविवार 1 जून का कार्यक्रम राजस्थान की कला और संस्कृति को समर्पित रहेगा।




## 640 हज यात्री आज होंगे विदा दुआ में शामिल हुए दो मंत्री

**रांची/ कोलकाताः** 25 मई को कोलकाता स्थित हज हाउस से झारखंड के 640 हज यात्रियों को सभी कागजात सौंप विदा किया गया। इन यात्रियों को दो विमानों के जरिए 26 मई को सुबह 11 बजे और दोपहर 12.30 बजे सऊदी अरब के लिए भेजा जा रहा है। रवाना होने से पहले हज हाउस में दुआ का आयोजन किया गया, जिसमें हज यात्रियों की सलामती और हज की कुबूलियत की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी और हाफिजुल हसन स्वयं मौजूद रहे और यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। इनके साथ युवा झारखंड के संयोजक अर्शे आलम पप्पू, जावेद अहमद, सोहैल मलिक, शकील अहमद चौधरी, मोहम्मद तसलीम रजा, मोहम्मद अकमलुल हसन, अल्तमश अहमद हाशमी, अनवर अहमद और माइनॉरिटी मोर्चा के अध्यक्ष हिदायत खान भी उपस्थित रहे। सभी ने हज यात्रियों को गले लगाकर विदाई दी और सफल हज यात्रा की कामना की।

## 15 जून को रांची प्रेस क्लब में होगा आरटीआई वर्कशॉप



**रांचीः** थड़पखना स्थित सिटी फोटो लैब में आयोजित बैठक में संयोजक विनोद जैन बेगवानी और संयोजिका रेणुका तिवारी ने 15 जून को रांची प्रेस क्लब में होने वाले आरटीआई वर्कशॉप की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को बताया कि उक्त कार्यक्रम में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 और उसके अंतर्गत बने नियमावली पर विस्तृत रूप से एक कार्यशाला प्रख्यात आरटीआई एक्टिविस्ट और रिसोर्स पर्सन दीपेश निराला द्वारा आयोजित किया जाएगा, और इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में उमाशंकर सिंह, स्वरूप कुमार सेठी, शाहिद आलम, हरीश नागपाल, राजकुमार, संतोष मृदुला उपस्थित हुए, और कार्यक्रम को लेकर जिम्मेवारी एवं दायित्व दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन हरीश नागपाल ने दिया।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## फर्ज टीम लीडर का

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी का कहना है  हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता के दौरान उन्होंने विकसित भारत को हर भारतीय का लक्ष्य बताया। बैठक में सभी राज्यों व केद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री व उपराज्यपालों व केंद्रीय मंत्रियों समेत नीति आयोग के उपाध्यक्ष व सदस्य शामिल हुए। बैठक में देश को 2047 तक विकसित बनाने में राज्यों की भूमिका तथा केंद्र के साथ समन्वय पर जोर दिया गया। मोदी ने सभी मुख्यमंत्री को अपने राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करने को कहा। शहरीकरण के विकास, नवाचार व स्थिरता की दिशा में काम करने की चर्चा भी की। नीति आयोग यानी नेशनल इंस्टीटूट फॉर ट्रान्सफॉर्मिंग इंड़िया केंद्र सरकार का थिंक टैंक कहा जाता है जो सरकार के दीर्घकालिक पॉलिसी संबंधी कार्यों व नीतियों की रणनीति तैयार करता है। पैंसठ से चले आ रहे योजना आयोग को मोदी ने अपनी दूरदर्शितापूर्ण योजनाओं को लागू करने के लिहाज से बदल कर नीति आयोग का नाम दिया जिसके अध्यक्ष वे स्वयं हैं। आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक, केरल व पुडु.चेरी के मुख्यमंत्री पूर्व निर्धारिक कार्यक्रमों का हवाला देकर शामिल नहीं हुए। बीते साल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलने न देने का आरोप लगाते हुए बैठक बीच में ही छोड़.कर चली गई थीं। बिहार के मुख्यमंत्री के शरीक नहीं होने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं जबकि उनकी सेहत का हवाला देकर उनके समर्थकों ने इसे सामान्य बात कहा। पंजाब के मुख्यमंत्री ने हरियाणा के साथ चल रहे जल विवाद को उठाया तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री द्वारा केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की। बेशक, देश को विकसित बनाने और अर्थव्यवस्था को पांचवी पायदान से ऊपर उठाने में सभी राज्यों को अपनी भागीदारी उत्साहपूर्वक निभानी होगी। गैर-भाजपाई राज्य सरकारों की मांगों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए परंतु जरूरी यह भी है कि उन्हें केंद्र के साथ मतभेदों से ऊपर उठ कर देश व देशवासियों के बेहतर जीवन स्तर, रोजगार व स्वास्थ्य संबंधी सुधारों पर सहयोगी रवैया अपनाना चाहिए। देश तरक्की करेगा, तभी राज्यों को पिछड़ऩे से रोका जा सकेगा। हालांकि आयोग को भी बड़प्पन दिखाते हुए पक्षपाती रुख से बाज आना सीखना होगा। टीम के तौर पर कार्य करने में लीडर की प्रमुख भूमिका की अनदेखी नहीं की जा सकती।

## बहुभाषी शिक्षा को मिले बढ़ावा

**केंद्र** सरकार ने देश की भाषायी विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस पहल के तहत गर्मी की छुट्टियों में देशभर के सभी 14.5 लाख स्कूलों में 'भारतीय भाषा समर कैंप 2025' का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में बच्चों को खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक या अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान दिया जाएगा। यह समर कैंप एक सप्ताह का होगा, जिसमें बच्चों को भारतीय भाषाओं से जोड़ने के लिए प्रतिदिन चार घंटे की गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे कुल 48 घंटे का प्रशिक्षण होगा। कैंप के अंत में बच्चों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। केंद्र सरकार के इस 'भारतीय भाषा समर कैंप का लाभ 25 करोड़ से अधिक बच्चे उठा सकेंगे।  आज के समय में रोजगार या बेहतर जीवन यापन के लिए लोगों को एक राज्य से दूसरे राज्य में जाना पड़ता है। बैंक कर्मचारियों, केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षकों और आइटी क्षेत्र में कार्यरत युवाओं को अक्सर महाराष्ट्र, बेंगलुरु, हैदराबाद, तमिलनाडु या अन्य राज्यों में नौकरी के सिलसिले में जाना पड़ता है। ऐसे में उन्हें स्थानीय भाषा और संस्कृति की भिन्नता के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संवाद की कमी के कारण विवाद भी उत्पन्न होते हैं। हाल में कर्नाटक और महाराष्ट्र में ऐसे कई वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें स्थानीय भाषा मराठी और कन्नड़ में बात करने पर जोर दिया गया है। मातृभाषा का सम्मान करना आवश्यक है, लेकिन बाहरी व्यक्तियों के साथ दुर्व्यवहार करना उचित नहीं है। भारत एक विविधता से भरा देश है, जहां विभिन्न संस्कृतियां, धर्म और भाषाएं मिलती हैं। सभी भाषाओं का समान महत्व है, और लोगों को एक से अधिक भारतीय भाषाएं सीखनी चाहिए। इससे उन्हें किसी अन्य राज्य में जाने पर भाषा संबंधी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा । बहुभाषी लोग विभिन्न संस्कृतियों के साथ संवाद कर सकते हैं। और एक-दूसरे के विचारों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। एक शोध के अनुसार, एक से अधिक भाषाएं सीखने से मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। बहुभाषी शिक्षा विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बीच आपसी समझ और सम्मान को बढ़ावा देती है, जिससे भारत में सामाजिक एकता और सद्भाव को भी बढ़ावा मिलेगा। यह भारत की भाषायी विविधता और विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगी। अभी भी बड़ी संख्या में लोग बहुभाषी शिक्षा के लाभ से अनजान हैं। अंग्रेजी के साथ भारतीय भाषाओं को भी महत्व देना चाहिए। हालांकि बहुभाषी शिक्षा को केवल स्कूली शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक विस्तारित किया जाना चाहिए।

# अब व्यापार घाटे पर नियंत्रण जरूरी

‘ भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती है। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगे लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387 .5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है।  हाल ही में नैसकॉम और जिनोव की ओर से जारी इंडिया जीसीसी, लैंडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। ’

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**इ**न दिनों विदेश व्यापार पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान जैसी चुनौतियों से भारत के सामने व्यापार घाटा बढ़ने का खतरा है। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2025 में जहां भारत से वस्तु निर्यात बढकर 38.49 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गए, वहीं भारत के वस्तु आयात अधिक तेजी से बढकर 64.91 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। ऐसे में वस्तुओं के व्यापार घाटे का आकार 26.42 अरब डॉलर पर रेखांकित हो रहा है। अतएव भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) जहां देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं। इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात महत्वपूर्ण है कि सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड़ रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की योजना बना रही है। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर 17.5 लाख करोड़ रुपए किया गया है। इसी तरह एमएसएमई क्षेत्र भी नए व्यापार युग की सच्चाइयों को समझते हुए नवाचार, प्रतिस्पर्धा, क्षमता में सुधार तथा शोध की डगर पर आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है। चूंकि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दिया है और चीन ने न केवल पाकिस्तान को पूर्ण समर्थन दिया, वरन चीन ने पाकिस्तान को मिसाइलों सहित विभिन्न हथियारों की सीधी आपूर्ति भी की। चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत को तेजी से आर्थिक शक्ति बनने से रोकना चाहता है। ऐसे में अब भारत के साथ शत्रुपूर्ण आचरण कर रहे चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करके चीन को भी आर्थिक सबक दिया जाना जरूरी है। हाल ही में प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं, चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढकर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था।

चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढकर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है। अब आतंकी देश पाकिस्तान को विश्व मंच पर खुला समर्थन दे रहे, चीन के साथ कोई छह माह पूर्व भारत ने मित्रता की जिस राह को आगे बढ़ाया था, अब उस राह को रोकते हुए चीन के साथ कारोबार असंतुलन को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठाने जाने जरूरी हैं। निःसंदेह भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत नए मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों से व्यापार घाटे में कमी लाई जानी होगी। भारत के द्वारा ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस समय भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरूआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है। हाल ही में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती है। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगे लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में नैसकॉम और जिनोव की ओर से जारी इंडिया जीसीसी, लैंडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है।

देश में जीसीसी का बाजार आकार 5.4 लाख करोड़ रुपए का है और यह 2030 तक 8.4 लाख करोड़ रुपए का होगा। दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान एक प्रतिशत है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़न  होगा। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है।

ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करने होंगे। हम उम्मीद करें कि भारत सरकार बढ़ते हुए व्यापार घाटे को नियंत्रित करने के लिए एमएसएमई की मजबूती, चीन से आयात नियंत्रण, मुक्त और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों, सेवा निर्यात बढ़ाने तथा निर्यात के लिए संभावित नए देशों में कारगर प्रयासों की रणनीति को मुठ्ठी में लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करेगी।

# आज के बच्चे जीवन की परीक्षा में असफल

‘ स्कूलों को इतना सक्षम बनाना होगा कि बच्चों को अलग से ट्यूशन की आवश्यकता ही न हो। माता-पिता की भूमिका: अपेक्षाओं से अधिक समझ, प्यार और संवाद जरूरी है। अंत में एक सवाल: क्या हम उस समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहां 99 प्रतिशत अंक लाने वाला बच्चा भी खुद से पूछे क्या मैं खुश हूं? अगर उत्तर नहीं है, तो हमें अपनी पूरी शिक्षा प्रणाली पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। हमें इंसान बनाना है, न कि सिर्फ टॉपर । ’

**विजय गर्ग**

**य**ह वाक्य सुनने में भले ही कठोर लगे, लेकिन हमारे समय की कड़वी सच्चाई को पूरी तरह उजागर करता है। भारत के शिक्षा बोर्ड सीबीएसई, आईसीएसई और राज्य बोर्ड हर वर्ष शानदार परीक्षा परिणामों की घोषणा करते हैं। बच्चों के अंक 100 प्रतिशत आने लगे हैं। शहर, जिला और राज्य स्तर पर टॉप करने वाले छात्रों की तस्वीरें अखबारों और सोशल मीडिया पर छपती हैं। स्कूल और कोचिंग सेंटर बड़े-बड़े बैनर लगाकर दावा करते हैं- हमारे यहां से टॉपर निकले हैं। देश में एक होनहार पीढ़ी तैयार हो रही है। लेकिन जब हम शिक्षा की आंतरिक परतों को टटोलते हैं, तो मन में यह सवाल गूंजने लगता है ड्ड क्या हम बच्चों को इंसान बना रहे हैं या सिर्फ अंक लाने की मशीन ? अंक किसके ? श्रेय किसे ? एक ओर कोचिंग संस्थान और ट्यूशन सेंटर बच्चों की सफलता का श्रेय लेते हैं। वे कहते हैं, हमारी गाइडेंस से टॉपर बना। दूसरी ओर स्कूल प्राचार्य और प्रबंधन कहते हैं, हमारे शिक्षक और पाठ्यक्रम की बदौलत यह परिणाम आया। लेकिन जब उन्हीं बच्चों से बात करें, तो वे कहते हैं, मैंने किसी ट्यूशन की मदद नहीं ली, ये मेरी मेहनत है। यह विरोधाभास कुछ और नहीं, बल्कि एक दिखावटी व्यवस्था की उपज है, जिसमें सच को छुपाना ही सामान्य हो गया है। हमारे यहां परीक्षा का मतलब अब रट्टा मारो और अंक लाओ बन चुका है। सोचने समझने की जगह शॉर्टकट्स और गाइड्स ने ले ली है। एक बच्चा जो 99 प्रतिशत लाता है, वह जरूरी नहीं कि जीवन की समस्याओं से जूझने का हुनर भी जानता हो। उदाहरण: एक बार दिल्ली की एक छात्रा ने 96 प्रतिशत अंक लाने के बाद आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसे लगा वह अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी। बिहार में एक छात्र को जब 100 में 100 अंक मिले, तो टीवी पर पूछे गए सामान्य ज्ञान के सवाल का जवाब तक नहीं आया। यह आंकड़े हमें चौंकाते हैं कि शायद हम गलत दिशा में जा रहे हैं।  आज के बच्चे अंकों में तो अव्वल हैं पर जीवन की परीक्षा में अक्सर असफल ? टॉपर संस्कृति बनाम इंसानी मूल्य बच्चे अब दूसरों को हराने के लिए पढ़ते हैं, खुद को बेहतर बनाने के लिए नहीं। टॉपर बनने की होड़ में मित्रता, सहृदयता, खेल, संगीत, आत्मचिंतन - सब कुछ पीछे छूट गया है। माता-पिता बच्चों की तुलना पड़ोसी के बेटे-बेटी से करते हैं- देखो वो 98 प्रतिशत लाया है, तुम क्यों नहीं ? इस तुलना ने बच्चों की आत्मा से सीखने की सहजता को छीन लिया है। और क्या खो रहे हैं हम ? मानसिक स्वास्थ्य: डिप्रेशन, एंग्जायटी, आत्महत्या की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ रही हैं। जीवन कौशल: 12वीं में 99त्र लाने वाला छात्र, कॉलेज में आत्मनिर्भर होना नहीं सीख पाता।  चमक-दमक अब अतीत की बात हो गई आत्मविश्वास: एक परीक्षा में कम अंक आने पर बच्चा खुद को असफल मान लेता है। समाधान क्या है? अंकों से अधिक कौशल पर ध्यान: कक्षा में बच्चों की रचनात्मकता, तर्कशक्ति, नेतृत्व और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को स्थान मिले। मूल्य आधारित शिक्षा: ईमानदारी, सहयोग, सहिष्णुता, और सामाजिक जिम्मेदारी जैसी बातों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

कोचिंग कल्चर पर पुनर्विचार: स्कूलों को इतना सक्षम बनाना होगा कि बच्चों को अलग से ट्यूशन की आवश्यकता ही न हो।

माता-पिता की भूमिका: अपेक्षाओं से अधिक समझ, प्यार और संवाद जरूरी है। अंत में एक सवाल: क्या हम उस समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहां 99 प्रतिशत अंक लाने वाला बच्चा भी खुद से पूछे क्या मैं खुश हूं? अगर उत्तर नहीं है, तो हमें अपनी पूरी शिक्षा प्रणाली पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। हमें इंसान बनाना है, न कि सिर्फ टॉपर ।

## विद्वान

### चिंतन-मनन

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**तु**म एक विद्वान बनने की चेष्टा कर रहे हो तो अपने आपको एक विद्वान की ही भांति रखो। वैसा ही वातावरण एकत्रित करो, निराशा निकाल कर यह उम्मीद रखो कि मूर्ख कालिदास की भांति हम भी महान बनेंगे। निराशा निकाल कर तुम इस एक्टिंग को पूर्ण करने की चेष्टा करो। तुम अनुभव करो कि मैं विद्वान हूं, सोचो कि मैं अधिकाधिक विद्वान बनता जा रहा हूं। मेरी विद्वता की निरंतर अभिवृद्धि होती जा रही है। तुम्हारे व्यवहार से लोगों को भी यह ज्ञात होना चाहिए कि तुम सचमुच विद्वान हो। तुम्हारा आचरण भी पूर्ण विश्वास युक्त हो शंका, शुबाह या निराशा का नाम निशान भी न हो। अपने इस विश्वास पर तुम्हें पूरी दृढ़ता का प्रदर्शन करना उचित है। विश्वास रखिए कि यह अभिनय करते- करते एक दिन तुम स्वयमेव अपने कार्य को पूर्ण करने की क्षमता प्राप्त कर लोगे। जिस वस्तु को हमें प्राप्त करना है  उसके लिए जितनी मानसिक क्रिया होगी, जितना उसकी प्राप्ति का विचार किया जाएगा, उतनी ही शीघ्रता से वह वस्तु हमारी ओर आकर्षित होगी। प्रत्येक वस्तु पहले मन में उत्पन्न की जाती है। फिर वस्तु जगत में उसकी प्राप्ति होती है। तुम अपने विषय में अयोग्यता की भावना रखते हो। अतः उसी प्रकार की तुम्हारे अन्तःकरण की सृष्टि होती जाती है। तुम्हारी भय की डरपोक कल्पनाएं ही तुम्हारे मन में निराशा के काले बादलों की सृष्टि कर रही हैं। मनःस्थिति के ही अनुसार अन्य व्यक्ति तुमसे द्वेष अथवा प्रेम करते हैं। और संसार की  समस्त वस्तुएं तुम्हारे पास आकर्षित होकर आती या मुड़ कर दूर भागती हैं। जब तुम निश्चय कर लोगे कि मेरा निराशा से जीवन का कोई संबंध नहीं होगा। मुझे नाउम्मीदों से कोई सरोकार नहीं है, मैं अब से वस्त्रभूशा पर शरीर परव्यवहार में  अपने कार्यों में निराशा का कोई चिह्व भी न रहने दूंगा। मैं पूर्ण शक्ति और मनोरथ सिद्धि में प्रवृत्त रहूंगा, निराशापूर्ण वातावरण से मेरा कुछ लेना देना नहीं है। मैंने तो अपनी प्रवृत्ति ही उत्तम पदार्थों की ओर कर दी है। मनोरथ सिद्धि तो मेरे बाएं हाथ का खेल है। मुझे संसार की कोईभी कठिनाई अपने श्रेय के मार्ग विचलित नहीं कर सकती। तब याद रखो तुम्हारे ह्दय में एक दिव्य शक्ति- शासनकर्ता शक्ति प्रसन्न होगी  आपका मार्ग प्रशस्त करने लगेगी।

## आपके पत्र

### बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमेरिका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमेरिकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं।

जब तक मानव छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है।

**हरीश शर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा पलटा, एक घायल

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के साक्षरता मोड़ के समीप ई रिक्शा से गिरने कारण छोटी मदनशाही निवासी मो. बहरुद्दीन की पत्नी 55 वर्षीय पत्नी कारी खातून घायल हो गई। स्थानियों लोगों की मदद से वृद्ध महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पति मो. बहरुद्दीन ने बताया कि कारी खातून अपने घर से साहिबगंज हटिया जा रही थी। इसी दौरान साक्षरता मोड़ के समिप ई रिक्शा का आगे का पहिया टूट गया जिससे ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया कारी खातून गिर गई ।जिसके कारण उसे गंभीर चोट लगी।आनन फानन स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।इधर जिरवाबाडी पुलिस को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जहां डॉक्टर ऋतुराज ने कारी खातून पोस्टमार्टम किया।वहीं जिरवाबाडी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया।इधर जिरवाबाडी पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

### वित्त मंत्री से इंटर महासंघ के शिक्षक व कर्मियों को मिला आश्वासन

**हैदरनगर** : झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से पलामू प्रमंडल के विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत इंटर महासंघ के शिक्षक व कर्मचारियों से मिलकर लंबित मांगों के संबध में आवदेन देकर वार्ता की। इससे पूर्व उन्हें बूके व माला देकर मिठाई भी खिलाई गई। इस वार्ता में वित्त विभाग से वित्त रहित शिक्षक कर्मचारी का 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि की संचिका सहमति की जानकारी देते हुए मंत्री ने संघ को बताया कि कार्मिक विभाग में उनकी संचिका वर्षों से पड़ी है। जिसमें मुख्यमंत्री का भी समान काम के बदले समान वेतन देने का घोषणा विधानसभा में किया था। जिसके आलोक में शिक्षा विभाग ने संचिका कार्मिक विभाग को भेजा गया है।

उसमें यह भी उल्लेखित है कि वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर वेतनमान दिया जाये। इस घोषणा के अनुरुप ही मंत्री ने यह भी काम करने का आश्वासन संघ को दिया है। इस आश्वासन पर उपस्थित शिक्षक व कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त कर मंत्री के प्रति आभार जताया है। मंत्री से मिलने वालों में इंटर महासंघ के प्रदेश महासचिव सह मोर्चा अध्यक्ष व मंडल सदस्य अरविन्द कुमार सिंह, अनिल कुमार तिवारी, स्वाति कुमारी, मधुलता सिंह, बसंत पाठक, विनोद कुमार, सुशील सिंह, सच्चिदानंद सिंह, तबस्सुम आरा, फारुक अहमद, अवध बिहारी सिंह, जय लोक मिश्रा सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी शामिल हैं।

### सतबरवा में हुई सड़क दुर्घटना में नेतरहाट निवासी तीन लोग जख्मी

**सतबरवा :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र में रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में महिला, बच्चा समेत चार लोग जख्मी हो गए है। पुलिस की सहायता से तीनों घायलों को तुंबागड़ा के नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हे रेफर कर दिया गया है। सतबरवा के थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि एनएच-39 पर दुलसुलमा गांव के छिपादोहर मोड़ पर रविवार को दिन के तीन बजे हुई दुर्घटना में घायल की पहचान 40 वर्षीय सुरेश मुंडा तथा उनकी पत्नी 35 वषीर्या सुमित्रा देवी और 11 वर्षीय अमित कुमार के रूप में की गई है।

सभी अपने गांव गांव लातेहार जिले के नेतरहाट थाना क्षेत्र के छगरही गांव लौट रहे थे। लेस्लीगंज में सत्संग कार्यक्रम में भाग लेकर सतबरवा होते हुए घर लौट रहे थे। इसी क्रम में स्कॉर्पियों ने बाइक को धक्का मार दिया। स्कॉर्पियो की बॉडी में फंसकर सभी 15 मीटर दूर सड़क पर घसिटाते चले गए। इससे तीनों के हाथ और पैर में फ्रैक्चर कर गए है।

### सात मामलों का हुआ निपटारा



दुमका : महिला थाना दुमका में रविवार को थाना प्रभारी की अध्यक्षता में महिला कोषांग की बैठक आयोजित की गई. आयोजित बैठक में काउंसलिंग के माध्यम से सामाजिक विवाद के कुल सात मामलों का निपटारा किया गया. मौके पर महिला कोषांग के सदस्य क्रमशः अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दुमका सदर विजय कुमार महतो, अधिवक्ता किरण तिवारी, पत्रकार शैलेंद्र कुमार सिन्हा एवं दोनों पक्ष के लोग एवं उनके रिश्तेदार गण मौजूद थे.

### अप शटल पैसेंजर का समय पूर्ववत रखने की मांग

**हैदरनगर** : डीडीयू रेलमंडल के जीडी रेलखंड पर परिचालित अप शटल पैसेंजर के समय सारण बदले जाने से रेलयात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवींद्र कुमार सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह आदि ने पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम व पूर्व विधायक कमलेश सिंह से समस्या का निदान निकालने का आग्रह किया है। गढ़वा रोड से सोननगर के बीच कुल 14 स्टेशनों के यात्रियों को गंतव्य तक ससमय आवागमन में परेशानी हो रही है। डाल्टनगंज स्टेशन से प्रस्थान का समय पहले 17.58 बजे था जिसे वर्तमान 18.45 बजे कर दिया गया है।

### फरार आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया

विश्रामपुर : पलामू जिले के उंटारी थाने की पुलिस ने ढोल बजाकर पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपी के घर की दीवार पर ग्रामीणों व घर वालों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि थाने के दवाड़पर निवासी लालजी रजवार, हैदरनगर थानां कांड संख्या 15/2019 में फरार चल रहा है। रविवार को ढोल बजाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में आरोपी के घर की दीवार पर इश्तेहार चिपकाया गया। साथ ही उसके परिजनों को आरोपी को कोर्ट में हाजिर करवाने के लिए कहा गया।

### कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास

बालूमाथ : थाना क्षेत्र के डाढ़ा ग्राम स्थित कटईटोला में रविवार को सीमंती कुमारी 14 वर्ष पिता लालदेव उरांव ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार लालदेव उरांव की 14 वर्षीय पुत्री सीमंती कुमारी का अपने भाई के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था ।जिसके बाद भाई ने उसके साथ मारपीट किया । जिससे गुस्सा होकर सिमती ने घर में रखा हुआ कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया ।घटना के बाद परिजनों के द्वारा बच्ची को इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# हमारे अधिकार से केंद्र की सरकार वंचित रखना चाहती है : अरुण सिंह

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** बोरियो झामुमो प्रखण्ड कमेटी की बैठक मोरंग नदी के समीप हुई।उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह शामिल हुए।बैठक में जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने सभी 17 पंचायतों के अध्यक्ष सचिव व पूरी कमेटी को निर्देशित किया कि आगामी 27 मई मंगलवार को जिला समाहरणालय के समीप विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम भाजपा की केंद्र सरकार विरोध में झामुमो जिला कमेटी के द्वारा किया जाना है।झारखण्ड की पुरानी मांग सरना धर्म कोड,आदिवासी धर्म कोड विधेयक को लागू जब तक केंद्र की सरकार झारखंड में नही करती



है।तब तक जातिगत जनगणना नही के पक्ष में पूरा झारखण्ड खड़ा है।केंद्र की भाजपा सरकार सरना धर्म कोड विरोधी है। जब जबकि अबुआ सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा विधानसभा से पूर्ण बहुमत के साथ राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को इस विधेयक को झारखंड में लागू करने के लिए भेजा पर आज तक इस पर भाजपा चुप्पी साधे हुई है।पहले सरना उसके बाद जातिगत जनगणना हो।हमें हमारा अधिकार से केंद्र की सरकार वंचित रखना चाहती है।जो गलत है।मौके पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि स्टीफन मुर्मु,प्रखण्ड अध्यक्ष जेठा मरांडी,सचिव गफ्फार अंसारी, कोषाध्यक्ष निताय मंडल,रिजवान अंसारी,मों एजाज अंसारी,मिट्ठू कुमार दत्ता, बाबूलाल हेम्ब्रम, अर्जुन रजक, सुरेश मरांडी, शकल सोरेन, फरहाद अंसारी रमेश, नजीर अंसारी,मंजूर आलम, कुतुबुद्दीन अंसारी, हेमलाल हेम्ब्रम, लखीराम समेत अन्य दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### सतगांवा मोहल्ला के लोगों ने किया विरोध

**हरिहरगंज :** शहर के सतगांवा मोहल्ला के लोग बिजली आपूर्ति कंपनी की ओर से मोहल्ला में लगाए जा रहे 11 हजार वोल्ट बिजली के तार का विरोध किया है। रविवार को मोहल्ला के लोगों ने बिजली आपूर्ति कंपनी के खिलाफ बिजली काटे जाने का आरोप लगाया है। हालांकि बिजली आपूर्ति दोपहर के बाद चालू हो गई थी। मोहल्ला के विमलेश पाठक व प्रमोद गुप्ता ने बताया कि मोहल्ला से 11 हजार वोल्ट बिजली के तार बिजली कंपनी ले जा रही है। इसका विरोध किया जा रहा है। इसके बाद आपूर्ति रोक दी गई। सबस्टेशन में जब लोग जानकारी लेने पहुंचे तब आपूर्ति बहाल की गई। बिजली कर्मी नितिश कुमार ने बताया कि काम करने के लिए बिजली आपूर्ति रोकी गई थी।

## अधिक से अधिक संख्या में लोग धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हो : अमरदीप

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** झामुमो केंद्रीय कमिटी के निर्देश पर केंद्र सरकार द्वारा घोषित जाति जनगणना में आदिवासी सरना धर्म कोड को लागू नहीं किए जाने के विरोध में आगामी 27 मई को साहिबगंज जिला मुख्यालय के समाहरणालय के समीप एकदिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को आयोजित किया जायेगा।जहां इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पचगढ़ स्थित स्वंयवर बैंकेट हॉल में झामुमो के नगर अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव व प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में झामुमो कार्यकताओं के साथ बैठक की।जहां इस दौरान सभी झामुमो कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि वे अधिक से



अधिक संख्या में इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हो और इसे सफल बनाए।इस मौके पर झामुमो के जिला संगठन सचिव वारिस अंसारी मो.कामरान अहमद,मो.जमालुद्दीन,कपिल दास,राजेंद्र कुमार,मुकेश कुमार सिंह,अनीस,मो फैसल,मो तारिक खान, मो सोनू,संजीत सिन्हा,गोपाल मंडल,विनीत कुमार,मो सैफ अहमद,मो राजा मुराद,मो कमरान अहमद,आकाश कुमार चौधरी,मो शाहिद अंसारी,मो जमालुद्दीन,मो फारूक समेत अन्य झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिला के साथ छेड़खानी के आरोप में ग्रामीणों ने कथित अधेड़ को बनाया बंधक

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी प्राणपुर पंचायत के तोफाजूल टोला गांव में रविवार को एक व्यक्ति को महिला से छेड़खानी के आरोप में ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। ग्रामीणों ने आरोपी को पेड़ से बांधकर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुँचकर उसे छुड़ाया और थाना ले गई । जहाँ उससे पूछताछ की जा रही है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। वाइरल वीडीओ में ग्रामीणों द्वारा एक पेड़ में आरोपी को बांध कर रखा है।मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को गांव के ही मोहिउद्दीन शेख उर्फ मोहिया ने एक महिला को घर में अकेला देखकर उसके साथ कथित तौर पर गलत हरकत करने की कोशिश की।



महिला ने अपनी आबरू बचाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुँच गए। उन्होंने मोहिउद्दीन शेख उर्फ मोहिया को रंगे हाथ पकड़ लिया और उसे एक पेड़ से बांधकर बंधक बना लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी।सूचना पाकर पुलिस टीम तुरंत तोफाजूल टोला गांव पहुँची और ग्रामीणों के चंगुल से उक्त व्यक्ति को छुड़ाया। पुलिस मोहिउद्दीन शेख उर्फ मोहिया को थाना ले गई है। जहाँ उससे घटना के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। चर्चा है कि मामले को रफा-दफा करने के लिए दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई थी।

### दो फरार उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाए इश्तेहार

**बारियातू :** बारियातू पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत नामजद दो फरार अभियुक्तों के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाकर अविलंब आत्म समर्पण करने की चेतावनी दिया गया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि काण्ड संख्या 04/24 के फरार अभियुक्त रणजीत गंझु पिता नरेश गंझु सतीटांड़ थाना लावालौंग जिला चतरा एवं काण्ड संख्या 160/19 के फरार अभियुक्त बिनोद गंझु, पिता शनिचर गंझु ग्राम जोरदार थाना लावालौंग जिला चतरा दोनों पर उग्रवादी केस दर्ज है। थाना पुलिस एसआई जितेंद्र कुमार सदबल उनके घर पर जाकर विधिवत इश्तेहार का तमिला किया। वहीं अविलंब आत्म समर्पण नहीं करने पर कर्की जब्ती करने की चेतावनी दी हैं।

## गौराखाड़ टोला के ग्रामीण चुआड़ी से पानी पीने को मजबूर

मेट्रो रेज संवाददाता

**लातेहार :** सदर प्रखंड के भूसुर पंचायत अंतर्गत गौराखाड़ टोला में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई हैं। ग्रामीणों का जीवन पूरी तरह से नदी के चुआड़ी के पानी पर निर्भर है। सुबह होते ही गांव के ग्रामीण पानी के जद्दोजहद में जुट जाते हैं। महिलाएं हाथ में बर्तन लेकर नदी के किनारे पहुंचती हैं और चुआड़ी से पानी लाकर अपनी दिनचर्या चलाती है। बता दें कि सरकार के द्वारा एक तरफ तो गांव-गांव तक नल जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया हैं,परंतु भूसुर का गौराखाड़ टोला में अभी भी स्थिति यथावत बनी हुई हैं। लगभग 25 आदिवासी परिवार का यह टोला पूरी तरह सुविधा विहीन है। इस गांव में आज तक ग्रामीणों के लिए पेयजल की कोई सुविधा बहाल नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल की समस्या को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन भी दिया। परंतु पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हो पाया। ग्रामीण महिला शिल्पा देवी और गीता देवी ने बताया कि गांव में पानी की समस्या इतनी विकराल है कि ग्रामीणों को बूंद बून्द पानी के लिए तरसना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिन में तो किसी प्रकार चुआड़ी के पानी से लोग प्यास बुझा लेते हैं। परंतु बरसात के दिनों ग्रामीणों को बारिश का पानी पीना पड़ता है। भुसूर पंचायत के मुखिया सुरेंद्र भगत ने बताया कि गांव में पेयजल संकट के मामले को लेकर कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई गई है। परंतु समाधान नहीं हुआ। झामुमों प्रखंड अध्यक्ष आर्सेन तिर्की ने कहा कि इस मामले को लेकर अब सरकार के स्तर तक मामला उठाएंगे। वहीं जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि दो महीना पहले भी मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई थी। परंतु किसी भी अधिकारी ने इस मामले में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई हैं। क्या कहते हैं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो ने कहा कि यदि गांव में पेयजल की समस्या है तो जल्द ही उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की वह जांच कर ले रहे हैं। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी तरह कृत संकल्पित है।

## मन की तपन को जीतनेवाला ही असली विजेता: भद्रबाहु

**झुमरी तिलैया :** जैन धर्म के सबसे बड़े तपस्वी आचार्य श्री 108 विपुल सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री 108 भद्रबाहु सागर जी महामुनिराज और पूज्य मुनिश्री 108 भवसागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश रविवार की सुबह झुमरी तिलैया, कोडरमा धर्मनगरी में हुआ। जैन मुनि इस भीषण गर्मी में गया नगरी से पद विहार करते हुए गुनावा, नवादा होते हुए करीब 200 किलोमीटर की पदयात्रा कर कोडरमा पहुंचे। यहां शहर के मुख्य द्वार पर शहर के समाज के सभी पदाधिकारी, महिला समाज के पदाधिकारीगण गाजे-बाजे के साथ अगवानी की। इस दौरान नगर भ्रमण करते हुए बड़ा जैन मंदिर जी पहुंचे, जहां पर देवाधिदेव 1008 आदिनाथ भगवान की प्रतिमा पर मुनि श्री के मुखारबिंद से विश्व शांतिधारा कराया गया। इसके बाद मंगलाचरण जैन सुबोध गंगवाल, जैन आशा गंगवाल ने किया। इसके बाद मुनिश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि यह गर्मी है। गर्मी की तपिश से ज्यादा जो शरीर में अंदर की तपन और त्याग को जीत लेता है, वह अपने जीवन को जीत लेता है। आगे उन्होंने कहा कि यह कोडरमा एक धर्मनगरी है, जहां बहता योगी रमता पानी कहावत के अनुसार गुरुवर जैन संत का सम्मेदशिखर जी जाने के क्रम में यहां पर आगमन हो जाता है। यह कोडरमावासियों का बहुत सौभाग्य है। आगे समाज के पदाधिकारियों ने गया जी समाज के सभी पदाधिकारी जो साथ चल रहे हैं, उन सभी का स्वागत तिलक, माला दुप्पट्टा पहनाकर किया। कल आचार्य संघ के सानिध्य में 1008 श्री शांतिनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। यह जानकारी कोडरमा मीडिया प्रभारी राज कुमार अजमेरा व नवीन जैन ने दी।

## 21 बोटा सेमल लकड़ी के साथ एक पिकअप वैन जब्त



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 बोटा सेमल लकड़ी से लदी एक पिकअप वैन को जब्त किया है।यह कार्रवाई तलझारी प्रखंड अंतर्गत कैरासोल-बांझी रोड स्थित कचहरी मौजा के निकट की गई।मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान की जा रही है एवं पूछताछ किया जा रहा है.वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की।छापेमारी के दौरान प्रभारी रेंजर पंचम दुबे,वनपाल राणा रंजीत वनरक्षी पप्पू कुमार यादव,प्रेम कुमार,राजेश टुडू सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।यह आशंका जताई जा रही है कि लकड़ी की अवैध कटाई कर उसे बाहर भेजने की तैयारी थी।फिलहाल,आरोपी से पूछताछ जारी है और वन विभाग इस मामले की गहन जांच कर रहा है।वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदाओं की अवैध तस्करी करने वालों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## 31 मई व 1 जून को आयोजित होगा जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** जिला एथलेटिक्स संघ की बैठक उमाशंकर चौबे की अध्यक्षता में रविवार को आहूत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 31 मई व 01 जून को जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न आयु वर्ग अंडर 14 अंडर 16 और ओपन वर्ग में कराई जाएगी। इस प्रतियोगिता में दुमका जिला के सभी बालक व बालिका खिलाड़ी अपने उम्र प्रमाण पत्र के साथ इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इसमें निम्नलिखित इवेंट होंगे जो इस प्रकार है :- अंडर 14 वर्ग 60 मी०, 600मी०, लंबी कूद, ऊंची कूद, भला फेक, गोला फेक। अंडर 16 वर्ग 100 मी०, 200मी०, 400मी०, 800मी०,लंबी कूद, ऊंची कूद, भला फेक, गोला



फेक तथा सामान्य पुरुष व महिलाओं के लिए 800 मी०1500 मिटर, व 100 मीटर की रेस का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट एवं मेडल दिया जाएगा । यह प्रतियोगिता आउटडोर स्टेडियम में दिनांक31 मई को प्रातः 7:00 बजे से आरंभ होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिए गए नंबर 8102597396 से संपर्क कर सकते है। बैठक में उमाशंकर चौबे, बरूण कुमार, निमाई कांत झा, मुकेश कुमार, मुनका मनीष हेंब्रम, विजय कुमार सिंह, शिशिर कुमार घोष, मोहम्मद हैदर अली, विनीत कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, प्रिंस राज सिंह आदि लोग मौजूद थे.

# सलमान खान होंगे दि ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 के पहले मेहमान




बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान कॉमेडियन कपिल शर्मा के सेलिब्रिटी चैट शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 के पहले मेहमान हो सकते हैं। कपिल शर्मा अपने शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के तीसरे सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर वापसी करने जा रहे हैं। शो की वापसी के ऐलान से शो के फैंस काफी उत्साहित हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीजन 21 जून को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा। बॉलीवुड में चर्चा है कि द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 के पहले मेहमान सलमान खान हो सकते हैं।

दि ग्रेट इंडियन कपिल शो के पहले सीजन में आमिर खान, रणबीर कपूर, विक्की कौशल, कार्तिक आर्यन, दिलजीत दोसांझ, सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। वहीं दूसरे सीजन में आलिया भट्ट, करण जौहर, जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान, जान्हवी कपूर, करीना कपूर, करिश्मा कपूर, कृति सनोन और वरूण धवन समेत कई अन्य शामिल हुए। कपिल शर्मा ने कहा कि वह द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीजन को लेकर रोमांचित हैं।

**दि ग्रेट इंडियन कपिल शो के पहले सीजन में आमिर खान, रणबीर कपूर, विक्की कौशल, कार्तिक आर्यन, दिलजीत दोसांझ, सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। वहीं दूसरे सीजन में आलिया भट्ट, करण जौहर, जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान, जान्हवी कपूर, करीना कपूर, करिश्मा कपूर, कृति सनोन और वरूण धवन समेत कई अन्य शामिल हुए। कपिल शर्मा ने कहा कि वह द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीजन को लेकर रोमांचित हैं।**

उन्होंने कहा कि नेटफ्लिक्स पर एक और सीजन के लिए वापस आना वाकई परिवार के घर आने जैसा लगता है। इस बार, परिवार और भी बड़ा हो रहा है। हर सीजन में, हम हंसी-मजाक और ऊर्जा को ताजा रखने के लिए हर क्षेत्र से मेहमानों का एक रोमांचक मिश्रण लेकर आए हैं। हमने करियर, जीवन के विकल्पों, परिवार, प्यार के बारे में विविध बातचीत दिखाने का लक्ष्य रखा है और कॉमेडी को सभी तक पहुंचाने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया है। दि ग्रेट इंडियन कपिल शो में सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा और अर्चना पूरन सिंह भी शामिल हैं।

# चल निकली भूल चूक माफ वीकेंड पर कमाए 28 करोड़




**राजकुमार** राव और वामिका गब्बी स्टारर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ ने अपने पहले वीकेंड में भारतीय बाजार में करीब 28 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। करण शर्मा निर्देशित और दिनेश विजन की कंपनी मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित फिल्म भूल चूक माफ में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की अहम भूमिका है। यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। वाराणसी में सेट की गई इस फिल्म की कहानी रंजन (राजकुमार राव) और तितली (वामिका गब्बी) के इर्द-गिर्द घूमती है। रंजन अपनी प्रेमिका तितली से शादी करने के लिए सरकारी नौकरी हासिल करता है। भूल चूक माफह्न टाइम-लूप थीम पर आधारित फिल्म है।

रंजन और तितली की शादी होने वाली है, लेकिन हल्दी के बाद उनकी शादी का दिन कभी नहीं आता। इस कहानी में हर बार वो 29 तारीख में ही अटके दिख रहे हैं, जबकि शादी 30 को है। करण शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म भूल चूक माफ ने पहले दिन भारतीय बाजार में सात करोड़ रुपए की कमाई की। शनिवार को दूसरे दिन फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ। दूसरे दिन फिल्म ने 9.5 करोड़ की कमाई की । तीसरे दिन रविवार की छुट्टी का भी इसे भरपूर फायदा मिला है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म भूल चूक माफ ने तीसरे दिन 11.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म भूल चूक माफ भारतीय बाजार में तीन दिनों करीब 28 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है।




# हर साल एक नई चुनौती, संन्यास पर धोनी ने तोड़ी चुप्पी

**अहमदाबाद :** 43 साल के धोनी को लेकर कहा जा रहा था कि यह आईपीएल करियर का उनका आखिरी मैच है, लेकिन रविवार को टॉस के बाद जब उनसे इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह आईपीएल से रिटायरमेंट लेने वाले हैं। टॉस के बाद रवि शास्त्री ने उनसे आईपीएल फ्यूचर को लेकर पूछा, तो धोनी ने कहा, यह मेरा शरीर सर्वाइव कर रहा है।

हर साल एक नई चुनौती है। इसे बहुत रखरखाव की आवश्यकता है। जब मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहा था, तो मुझे पर्याप्त परेशानी नहीं हुई थी, सपोर्ट स्टाफ का शुक्रिया। धोनी के इस बयान से साफ हो गया कि वह अभी रिटायरमेंट की घोषणा नहीं कर रहे हैं।

# स्टार प्लस पर डेब्यू करेंगी निशा मधुलिका

**मशहूर यूट्यूबर** और घर की रसोई में कमाल दिखाने वाली निशा मधुलिका अब टीवी पर कदम रखने जा रही हैं। स्टार प्लस हमेशा से ही हमारे घरों का हिस्सा रहा है, वो कहानियां दिखाकर जिनसे हर उम्र के लोग खुद को जोड़ पाते हैं, चाहे इमोशनल ड्रामा हो या ज़िंदगी से जुड़ी कोई प्रेरक कहानी। अब चैनल अपनी इस जबरदस्त लाइनअप में एक नया तड़का लगाने जा रहा है।

निशा मधुलिका अब टीवी पर कदम रखने जा रही हैं। निशा ने यूट्यूब पर 1.2 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर्स का दिल जीता है। उनकी वेजिटेरियन रेसिपीज और अपनापन आज लाखों घरेलू रसोइयों और फूड लवर्स की पहली पसंद बन चुके हैं। अब यही स्वाद और सादगी वो स्टार प्लस के प्यारे किरदारों और शोज के बीच लेकर आ रही हैं।



स्टार प्लस का नया प्रोमो लोगों को एक मीठी सी झलक देता है आने वाले मजेदार सफर की। प्रोमो में निशा मधुलिका रसोई में नजर आती हैं, खाना बनाते हुए वो सिर्फ रेसिपी नहीं, बल्कि अपनापन, यादें और ज़िंदगी के छोटे-छोटे सबक भी परोसती हैं, वो भी अपने खास अंदाज में। उनकी मौजूदगी स्टार प्लस की दुनिया में एकदम फिट बैठती है। वह चैनल के पॉपुलर किरदारों के साथ मिलकर न सिर्फ पकाएंगी, बल्कि दर्शकों को इमोशन, ड्रामा और खाने का तड़का एक साथ देखने को मिलेगा। डिजिटल दुनिया की इस चहेती शेफ का टेलीविजन से ये मिलन एक ताजा और दिलचस्प शुरूआत साबित होने वाला है। स्टार प्लस पर यह शो 26 मई से रोज शाम 6:15 बजे प्रसारित होगा।

# राहु केतु की शूटिंग के लिए मनाली रवाना हुई शालिनी पांडे



**बॉलीवुड** अभिनेत्री शालिनी पांडे अपनी आने वाली फिल्म ह्यराहु केतुह्न की दूसरे शूटिंग शेड्यूल के लिए मनाली रवाना हो गईं। शालिनी बहुप्रतीक्षित डार्क कॉमेडी फिल्म में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा के साथ नजर आएंगी। मनाली की खूबसूरत और ठंडी वादियां फिल्म के लिए एक अहम बैकड्रॉप बनेंगी, जिससे शूङ्कषटग का यह नया चरण और भी रोमांचक हो गया है।

शालिनी ने अपने करियर में बेहतरीन विविधता दिखाई है। उन्होंने महाराज में जुनैद खान के साथ अपने शानदार अभिनय से दिल जीता और हाल ही में डब्बा कार्टेल में अपनी उपस्थिति से सबका ध्यान खींचा।

# श्रेया घोषाल ने अपने मुंबई कॉन्सर्ट में सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पोस्टपोन किया था प्रोग्राम



**22 अप्रैल** को हुए पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। वहीं, बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल ने अपना कॉन्सर्ट ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ने की वजह से पोस्टपोन कर दिया था। वहीं, हाल ही में सिंगर ने अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट में सैनिकों को नमन किया है। उन्होंने अपने ऑल हाट्र्स टूर के मुंबई चरण के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी, जिसने दर्शकों को बहुत प्रभावित किया।

श्रेया घोषाल ने भरी भीड़ से कहा, 'हम हर पल यहां खड़े रहते हैं, हमारे मन में कोई चिंता नहीं होती, क्योंकि सीमा पर कोई हमारी रक्षा कर रहा है। जहां भी आप किसी सेना के जवान, नौसेना या वायु सेना के अधिकारी को देखते हैं, हमें उनके पैर छूने चाहिए। यह गाना उनके पैर छूने का मेरा तरीका है- चरण स्पर्श।' श्रेया ने अपनी अटूट शक्ति और देश को सुरक्षित रखने के लिए सेना को दिल से धन्यवाद दिया।

उन्होंने आगे कहा, 'मैं चाहती हूं कि हमारे सभी बैंड भी इसमें एकजुट हों। अगर सभी लोग एक साथ मिलकर इसे गाएं, तो मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही खूबसूरत एहसास होगा। मुझे लगता है कि हमें इस पल को इसी तरह याद रखना चाहिए।'

### टेस्ट क्रिकेट में टीम की कप्तानी मिलने के बाद शुभमन गिल ने कहा-

# टेस्ट कप्तानी की चुनौती के लिए रोमांचित

**अहमदाबादः** शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह फैसला लिया गया। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में कुछ नए चेहरे भी शामिल हैं, वहीं कुछ पुराने खिलाड़ियों की वापसी हुई है। शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया की कप्तानी मिलने के बाद एक बड़ा बयान दिया है।

गिल ने सीएसके के खिलाफ टॉस के वक्त कहा, टेस्ट टीम की कप्तानी की चुनौती पाने के लिए रोमांचित हूं। यह हमारे लिए इंग्लैंड के खिलाफ एक रोमांचक सीरीज होने जा रही है।



# आईपीएल 2025 : आज पंजाब किंग्स के सामने मुंबई इंडियंस की कठिन चुनौती

**जयपुरः** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस सोमवार को आईपीएल 2025 के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे, तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है, लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी। इससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद



अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वॉलिफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है।

टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही, तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। सवाई मान सिंह स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियां इस मैच को बड़े स्कोर वाला मुकाबला बनाने का संकेत देते हैं। इसमें दोनों टीमों की गेंदबाजी योजनाओं की परीक्षा होगी।

### तीन हत्या से दहला जौनपुर

# हथौड़े से कूच कर बाप और दो बेटों की हत्या

## वर्कशॉप में देर रात सिर कूचकर की गयी हत्या



**जौनपुर:** जिले में तीन हत्याओं से सनसनी फैल गई। पिता और दो बेटों की देर रात वर्कशॉप में ही हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सुबह तब हुई, जब घर का ही एक शख्स नाश्ता लेकर वहां पहुंचा। वर्कशॉप में तीन लोगों की लाश पड़ी थी। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स पहुंच गई और परिजनों के आने से पहले शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस पर परिजन भड़क गए और चक्काजाम कर दिया।

जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध निवासी लालजी का कचगांव अंडरपास के पास चूड़ी पेरने का वर्कशॉप है। रविवार की रात लालजी (50) अपने दो बेटों यादवीर (32) और गुड्डू (25) के साथ वर्कशॉप पर ही काम के चक्कर में रुक गए।

रात हो जाने के कारण दोनों बेटों के साथ लालजी दुकान में ही आराम करने लगे। परिवार वालों को लगा कि काम ज्यादा होगा, इसलिए वर्कशॉप में वे लोग रुक गए होंगे। सुबह एक रिश्तेदार नाश्ता लेकर लगाने के लिए वर्कशॉप पहुंचा तो देखा की कमरे में चारों तरफ खून बिखरा है। पिता सहित दोनों बेटों की लाश पड़ी हुई थी। देखने से प्रतीत हो रहा था कि जैसे रॉड और सरिया से उसके सिर पर मारा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस फोर्स ने परिवार वालों के आने से पहले ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। चंद मिनट में परिजन भी पहुंच गए। शव को मौके पर न देख परिवार वालों ने विरोध शुरू कर दिया। बाईपास पर जाकर चक्काजाम करने लगे। काफी समझाने के बाद परिवार वाले पोस्टमार्टम हाउस चले गए। घटना स्थल पर फिलहाल अभी काफी मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

**कहां गया सीसीटीवी डीवीआर :** मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल की गहनता से जांच कराई। वर्कशॉप में हथौड़ा भी मिला है। इसके साथ ही सीसीटीवी डीवीआर गायब था। एसपी ने आशंका जताई है कि हत्या किसी परिचित द्वारा ही किया गया है, क्योंकि डीवीआर आलमारी का ताला खोलकर निकाली गई है। हत्या का पदार्फाश करने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। परिवार से भी पूछताछ की जा रही है। शक के दायरे में जिस किसी का भी नाम सामने आएगा उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी।

## पूर्व प्रधान और बेटे को फावड़े से काट डाला,सड़क किनारे मचे कत्लेआम को देखते रहे ग्रामीण, कोई बचाने न आया

**फिरोजाबाद :** जिले के टूंडला में जमीन विवाद को लेकर पूर्व प्रधान और उनके बेटे की दिन दहाड़े गांव के ही लोगों ने फावड़ा से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भिजवा दिया। दोहरे हत्याकांड की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पिता-पुत्र की हत्या से गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी है। मृतक पूर्व प्रधान इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक धर्मेंद्र यादव के चाचा थे।

### घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

गांव के ही हुब्बलाल यादव से था जमीन विवादः नगला सिंघी के गांव टीकरी निवासी पूर्व प्रधान अरविंद यादव (55) का गांव के ही हुब्बलाल यादव से जमीन विवाद चला आ रहा है। इसको लेकर मामला तहसील न्यायालय में चल रहा था। 20 मई को एसडीएम अनुराधा सिंह के आदेश पर तहसीलदार राखी शर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर जमीन की नापतौल की थी।

## 3.4 लाख करोड़ का फायदा, शेयर बाजार में जश्न का माहौल, इकोनॉमी के मोर्चे पर आयी खुशखबरी



**नई दिल्ली:** हफ्ते के पहले दिन शेयर बाजार में शानदार तेजी देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही बढ़त के साथ खुले। बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में अच्छा उछाल देखने को मिला, जिससे बाजार की धारणा मजबूत रही।

भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लिया है। इस खबर से निवेशकों में उत्साह देखा गया। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपियन यूनियन (एव) के साथ व्यापार वार्ता की समयसीमा 9 जुलाई तक बढ़ा दी है, जिससे वैश्विक व्यापार तनाव की आशंका फिलहाल टल गई है।

सोमवार सुबह 9:47 बजे बीएसई सेंसेक्स 759 अंक यानी 0.93% की बढ़त के साथ 82,480 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स 222 अंक यानी 0.90% की तेजी के साथ 25,073 पर था। इस तेजी से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 3.48 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 445.44 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईयू से आयातित वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाने की धमकी फिलहाल टाल दी है। उन्होंने कहा कि एक संतुलित व्यापार समझौते के लिए एव को और समय चाहिए, इसलिए बातचीत की समय सीमा को बढ़ाया गया है। सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फिनसर्व जैसे दिग्गज शेयरों में अच्छी तेजी दर्ज की गई। हालांकि, ईटरनल लिमिटेड के शेयर में गिरावट देखी गई।

## दक्षिण कैरोलिना के लिटिल रिवर में फायरिंग, 11 लोग अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली:** दक्षिण कैरोलिना के बीच टाउन लिटिल रिवर में रविवार रात एक गोलीबारी की घटना सामने आई है, जिसमें कम से कम 11 लोग घायल होकर अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। स्थानीय काउंटी पुलिस विभाग के अनुसार, यह घटना रात करीब 9:30 बजे हुई।

# पश्चिम बंगाल में कोरोना के सात नए मामले



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में कोरोना के सात नए मामले सामने आए हैं। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में हाल ही में कोविड जैसे लक्षणों के साथ 11 लोगों को भर्ती कराया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि सभी मरीज स्थिर हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को कोलकाता में कोविड-19 के सात नए मामले सामने आए, जिनमें से छह दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में और एक शहर के पूर्वी इलाके में स्थित एक अन्य निजी अस्पताल में पाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि अधिकांश मरीज खांसी और जुकाम के लक्षणों के साथ आए थे और नियमित कोविड-19 जांच में वायरस के लक्षण पाए गए, जिसके कारण उन्हें आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया।

अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की कि सभी मरीज स्थिर स्थिति में हैं, किसी को भी आईसीयू में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं है और वे वर्तमान में डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनके स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इससे पहले शनिवार को प्रदेश में कोविड-19 के चार मामले सामने आए थे जिसमें दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट दो ब्लॉक में रहने वाले एक ही परिवार की 31 वर्षीय महिला और 12 वर्षीय बच्चा शामिल है। हालांकि, मां और बच्चे दोनों को छुट्टी दे दी गई और उन्हें घर लौटने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाली एक गर्भवती महिला को कोलकाता के कंकुरगाछी के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि रिशरा के एक 15 वर्षीय लड़के को तेज बुखार, खांसी, गंभीर निर्जलीकरण, उल्टी और दस्त जैसे लक्षण पाए जाने पर शनिवार को कोरोना मामले के रूप में ईएम बाईपास के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से घबराने से मना किया है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा, ह्वहालांकि राज्य में कोविड के कुछ मामले हैं, लेकिन मरीजों की हालत गंभीर नहीं है और उनमें से कई को घर जाने की अनुमति दे दी गई है। प्रदेश की स्वास्थ्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा, चिंता की कोई बात नहीं है। हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम तैयार हैं, लेकिन सभी को सतर्क रहना होगा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में कोरोना वायरस के नए मामले सामने आए हैं।

### ड्रग रैकेट का भंडाफोड़

# दो नशा तस्कर गिरफ्तार, आरोपियों से 13 किलो हेरोइन जब्त



**जालंधरः** पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए, पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर के नेतृत्व में कमिश्नरेट पुलिस जालंधर ने एक बड़े नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 13 किलो हेरोइन, दो अवैध 32 बोर हथियार, छह जिंदा कारतूस, तीन मैगजीन, तीन लग्जरी कारें और 22000 रुपए ड्रग मनी बरामद की गई है। कार्रवाई की जानकारी देते हुए जालंधर पुलिस कमिश्नर ने 21.05.2025 को प्रेस वार्ता के दौरान बताया था कि सीआईए क्राइम ब्रांच की एक टीम ने 20 मई 2025 को जालंधर के पुल फोकल प्वाइंट के पास एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान शिवम सोढ़ी उर्फ शिवा, पुत्र वरिंदर सोढ़ी, निवासी लम्मा पिंड चौक सिमरन एन्क्लेव के रूप में हुई। आरोपी से पांच किलो हेरोइन और 22000 रुपये नकद बरामद की गई।

पुलिस रिमांड के दौरान लगातार पूछताछ के बाद शिवम से सात किलो हेरोइन और दो गाड़ियां बरामद की गईं। उन्होंने एक साथी की संलिप्तता का भी खुलासा कियाए जिसके माध्यम से बरिंदर सिंह उर्फ बब्बू, पुत्र दविंदर सिंह, निवासी अमर नगर, जालंधर को गिरफ्तार किया गया। 22 मई 2025 को बरिंदर को गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो हेरोइन, दो अवैध 32 बोर हथियार, छह जिंदा कारतूस और तीन म्मैगजीन बरामद की । पुलिस ने पुष्टि की कि शिवम सोढ़ी के खिलाफ पहले भी तीन मामले दर्ज हैं, जबकि बरिंदर सिंह के खिलाफ चार मामले दर्ज हैं।

### आतंकवाद के मुद्दे पर शशि थरूर का दुनिया को संदेश, कहा-

# नागरिकों की हत्या पर नहीं बख्शेगा भारत



**नई दिल्लीः** भारतीय संसद के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को अमरीका पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस सांसद शशि थरूर कर रहे हैं। यह प्रतिनिधिमंडल गयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमरीका की यात्रा पर है। इस दौरान शशि थरूर ने आतंकवाद के मुद्दे पर दुनिया को सख्त संदेश देते हुए कहा कि पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने नई नीति अपना ली है, जिसके तहत अगर कोई भी पाकिस्तान की धरती से भारतीय नागरिकों की हत्या करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा भारतीय-अमरीकी समुदाय के प्रमुख सदस्यों और मीडिया और थिंक टैंकों के लोगों के साथ आयोजित एक बातचीत में शशि थरूर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने संयम बरतते हुए एयरस्ट्राइक की, लेकिन युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारत ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, न कि किसी रिहायशी इलाके को या न किसी संस्थान को। शशि थरूर ने कहा कि भारत युद्ध नहीं चाहता है। हमने जिम्मेदारी से पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। भारत बिना उकसावे का आक्रमण नहीं करता, लेकिन हमला हो तो जवाब जरूर देगा। वहीं 9/11 मेमोरियल के बाहर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 9/11 मेमोरियल की यह यात्रा एक गंभीर स्मरण है कि जिस प्रकार अमरीका आतंकवाद का शिकार हुआ, उसी तरह भारत भी बार-बार इस घाव को झेल चुका है। इस मार्मिक स्मारक में आज जिन घावों के निशान देखे जा रहे हैं, वैसे ही घाव हमने भी सहे हैं।

# हिंदू समाज की एकता से शक्तिशाली और धर्मनिष्ठ बनेगा भारत



**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा है कि भारत को सैन्य ताकत और आर्थिक रूप से इतना शक्तिशाली बनाया जाए कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी हमें जीत न सकें। उनका कहना है कि केवल ताकत से कुछ नहीं होगा, बल्कि शक्ति के साथ-साथ सद्गुण और धर्मनिष्ठा भी जरूरी है। अगर शक्ति के साथ नैतिकता न हो, तो वह अंधी ताकत बन सकती है, जो हिंसा फैला सकती है। यह इंटरव्यू आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में छपा है। यह बातचीत करीब दो महीने पहले बंगलुरु में हुई संघ की शीर्ष बैठक (अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा) के बाद ली गई थी। मोहन भागवत ने कहा कि हमारी सीमाओं पर बुरी ताकतें लगातार सक्रिय हैं। हमें मजबूरी में ताकतवर बनना पड़ेगा, ताकि हम अपनी रक्षा खुद कर सकें। हम दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते। उन्होंने साफ किया कि ताकत अकेले काम नहीं आएगी, बल्कि उसे धर्म और सदाचार के साथ जोड़ना होगा। बल और धर्म दोनों साथ-साथ होने चाहिए। जब कोई विकल्प न हो, तो दुष्ट शक्तियों का खात्मा बलपूर्वक करना ही पड़ता है। हम यह ताकत दुनिया पर राज करने के लिए नहीं चाहते, बल्कि इसलिए चाहते हैं कि हर कोई शांति, स्वास्थ्य और सम्मान से जी सके। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर हिंदुओं पर अत्याचार होता है, तो उनके लिए काम किया जाएगा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए। भागवत ने बताया कि बांग्लादेश में जब हाल ही में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तो भारत में लोगों ने जिस तरह नाराजगी जाहिर की, वह पहले कभी नहीं देखा गया। अब बांग्लादेश के हिंदू भी कहने लगे हैं कि हम भागेंगे नहीं, अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में संगठन का संकल्प है कि पूरे हिंदू समाज को एक करना और भारत को विश्वगुरु बनाना। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वह अपने निजी, पारिवारिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में धार्मिक मूल्यों को अपनाए, जो हिंदुत्व से जुड़े हों। भागवत ने आगे कहा कि कृषि, औद्योगिक और वैज्ञानिक क्रांतियां हो चुकी हैं। अब दुनिया को धार्मिक क्रांति की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यहां धर्म से मतलब किसी मजहब से नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, पवित्रता, करुणा और तपस्या के आधार पर पुनर्गठित करने से है।

# हैवानियत : दंपती पर हथौड़े से हमला, पति की मौत, खून से लथपथ महिला से दुष्कर्म

**नई दिल्लीः** दंपती पर हमले के दौरान आरोपी अखिलेश ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। महिला को मरा हुआ समझकर आरोपी ने खून से लथपथ पूजा के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि भारी-भरकम हथौड़े से उसने पहले कमल के सिर पर वार किए। उसकी हत्या के बाद पूजा के साथ भी आरोपी ने ऐसा ही किया।

ब उसे लगा कि दंपती की मौत हो चुकी है तो उसने अपनी हवस मिटाने के लिए पूजा को मरा हुआ समझकर हैवानियत की। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पूजा की हालत देखने के बाद पुलिस को शक हुआ। इलाज के दौरान उसका मेडिकल हुआ तो उसमें दुष्कर्म का पता चला।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और दुष्कर्म की धाराएं भी जोड़ दीं। आरोपी ने खुलासा किया है कि वह दंपती को सबक सिखाना चाहता था। हत्या के बाद भी जब उसको संतुष्टि नहीं मिली तो उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। वह पूजा से भी बदला लेना चाहता था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कमल व पूजा (दोनों का बदला हुआ नाम) झांसी, यूपी के रहने वाले थे। इनके यहां चार बेटियां व एक बेटा है। बड़ी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। बाकी बच्चे गांव में रहते हैं। कुछ साल पहले कमल गुरुग्राम में काम कर रहा था। वहां उसकी मुलाकात अखिलेश से हुई।

कमल और अखिलेश का आना-जाना हो गया। कुछ समय पूर्व इनके ठेकेदार ने काम के लिए दिल्ली बुला लिया। दोनों कटवारिया सराय में रहने लगे। इस बीच अखिलेश की पूजा से बातचीत होने लगी। वह अक्सर उसके घर पर आकर उससे बातचीत करने लगी। कमल को इसका पता चला तो उसने एतराज किया। अखिलेश से पत्नी से दूर रहने के लिए कहा।

पूजा ने भी अखिलेश से बातचीत करना बंद कर दी। अखिलेश को लगा कि शायद पूजा की किसी दूसरे से नजदीकियां बढ़ गई हैं, इसलिए वह उसे नजरअंदाज कर रही है। बदला लेने की नीयत से उसने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने पहले अपने कमरे में शराब पी। बाद में वह हथौड़ा लेकर कमल के कमरे में पहुंचा और वारदात को अंजाम दे दिया।

## दुष्कर्म के बाद महिला को बेरहमी से उतारा मौत के घाट, आंतें आयीं बाहर

**खंडवा :** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक महिला की दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की आंतें बाहर आने की पुष्टि हुई है, जिससे घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की मौत घटना के लगभग 18 घंटे बाद हुई।

पीड़िता का पोस्टमार्टम करने वाले पैनल में शामिल डॉ. सीमा सूते ने बताया कि जब शव को अस्पताल लाया गया तो उसकी आंतें बाहर निकली हुई थीं। उन्होंने बताया कि यह पेट पर तेज प्रहार या अंदरूनी हिस्से में किसी वस्तु से चोट लगने के कारण हो सकता है। हालांकि, पुलिस जांच में महिला की बच्चेदानी शरीर से बाहर होने जैसी स्थिति से इनकार किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता 24 मई की सुबह अपने घर पर बेहोश मिली थी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को खंडवा जिला अस्पताल भेजा, जहां रविवार दोपहर महिला चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। रोशनी पुलिस ने इस मामले में गांव के दो आरोपी सुनील और हरि के विरुद्ध दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता का अंतिम संस्कार गांव में कर दिया गया है।

महिला के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसे उसकी मां हरि के घर पर बेहोशी की हालत में मिली थी। होश आने पर उसकी मां ने बताया कि सुनील और हरि ने उसके साथ गलत काम किया है। पीड़िता के इसी बयान के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह भी बताया कि पीड़िता और दोनों आरोपी एक-दूसरे को जानते थे और घटना की रात तीनों ने साथ में शराब भी पी थी।

पीड़िता के बेटे ने बताया कि उसकी मां एक शादी समारोह में गई थी और रात को घर नहीं लौटी। सुबह उन्हें एक पड़ोसी महिला ने बताया कि वह उनके आंगन में बैठी है, जिसके बाद परिजन वहां पहुंचे और उसे बेहोश पाया।

एएसपी ग्रामीण राजेश रघुवंशी ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 23 मई को पीड़िता गांव में एक शादी समारोह में शामिल हुई थी। आरोपी हरि भी उसके साथ था। समारोह के बाद दोनों एक अन्य महिला को उसके खेत वाले घर पर छोड़ने गए थे। वहां से लौटने के बाद पीड़िता हरि के घर गई, जहां कुछ देर बाद सुनील भी आ गया। पुलिस को घटनास्थल पर महिला की बच्चेदानी बाहर निकलने जैसी कोई स्थिति नहीं मिली। एएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अन्य तथ्यों का खुलासा हो पाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### घायल श्रमिकों को मिला सहायता राशि

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निदेर्शानुसार पुनासी परियोजना अंतर्गत काम कर रहे सभी घायल श्रमिकों को (उपायुक्त निधि) से दस-दस हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।
ज्ञात हो कि पुनासी जलाशय योजना के तहत निर्माण कार्य के दौरान शनिवार की शाम को ढ़लाई कार्य होने के दौरान स्टेजिंग गिरने से सात मजदूर घायल हो गए थे। जिसमें दो घायलों की स्थिति एकदुम सुधार होने के कारण रविवार को डॉक्टर ने छुट्टी दे दी। वहीं अन्य पांच घायलों की स्थिति में सुधार के साथ सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### ओवरब्रिज के पास निर्मित अंडरपास स्थल पर लोगों को आवागमन में हो रही है परेशानी



**कमल केसरी :** चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय हावड़ा मुंबई मुख्य पथ पर नवनिर्मित अंडरपास निर्माण जनहित और लोगों की सुविधा के लिए निर्माण कराया गया ओवरब्रिज की चढ़ाई से राहत और सुविधा के लिए रेलवे के द्वारा कारगर पहल करते हुए बहुप्रतीक्षित अंडरपास निर्माण कार्य कराया गया और वर्तमान समय में अंडरपास के समीप जनसुविधा हेतु निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। इस क्रम में लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । लोगों ने रेलवे प्रशासन से यथाशीघ्र चल रहे इस निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है जिससे उन्हें आवागमन में सुलभता हो।

### नाबालिग को सांप ने डंसा

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित डीएसपी रोड़ गुमला निवासी 19 वर्षीय रिया कुमारी जैसे ही अपने घर से निकली एक काले रंग का जहरीला सांप उसके पैर में लिपट गया और वह जैसे ही अपने पैर को पटकी उक्त सांप ने उसके पैर में डंस ( काट ) लिया और नाली में घुस गया, तब वह दौड़ते हुए घर पहूंचकर अपनी मां को बतायीं की उसके पैर में एक जहरलें सांप ने डंस ( काट ) लिया हैं , यह सुनकर उसके परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं, जहां डॉक्टरों के देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं।

### शिक्षित समाज से ही होगा राष्ट्र निर्माण : काले

**जमशेदपुर :** सिख विजडम एकेडमी के वार्षिक पुरस्कार समारोह (सत्र 2024-25) में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह ब्रह्मास्त्र है जिससे राष्ट्र निर्माण संभव है। एक शिक्षित समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है।कार्यक्रम में काले ने अकैडमी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (सीजीपीसी) के नेतृत्व में संचालित यह संस्था गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों में आत्मविश्वास, संस्कार और नेतृत्व की भावना का विकास कर रही है।

### बारिश से घट सकता है तापमान

**जमशेदपुर :** दिन में धूप और शाम में बारिश की आंख मिचौली अगले तीन-चार दिनों तक और चलेगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का मानना है कि अगले तीन-चार दिनों में दिन में धूप गर्मी से तो सताएगी लेकिन सामने और रात में फिर से बारिश होने के अनुमान है जिससे तापमान में कमी आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। वैज्ञानिकों का मानना है कि मानसून आने के पहले इस तरह काम माहौल हमेशा बनता है उसी क्रम में अगले दो-तीन दिनों में बारिश होने के अनुमान है।

### मानसून में कोयला ढुलाई में आएगी कमी, कंपनियों को लगाना होगा जोर

**धनबाद :** कोल कंपनियों को कोयला डिस्पैच के लिए अभी जोर लगाना होगा ताकि मानसून में पावर प्लांटों को कोयले की कमी नहीं हो। कोयला कंपनियों के पास स्टॉक में कोयले की कमी नहीं है। वैसे संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस बार मानसून जल्द दस्तक देने जा रहा है। यदि ऐसा हुआ तो कोयला ढुलाई पर असर पड़ना तय है। इसलिए कोल कंपनियों को जून मध्य तक ज्यादा जोर लगाना होगा। पिछले वित्तीय वर्ष के आंकड़ों पर गौर करें तो मानसून सीजन में कोयले की ढुलाई में कमी आई थी। सबसे कम अगस्त (2024) महीने में प्रतिदिन औसतन 263.50 रैक कोयले की ढुलाई हुई थी।
सिंतबर (2024) में भी कम ढुलाई हुई थी लेकिन अगस्त के मुकाबले कुछ ज्यादा। सितंबर में प्रतिदिन औसतन 279.80 रैक कोयले की ढुलाई हुई थी। वहीं सबसे ज्यादा कोयले की ढुलाई मार्च (2025) में प्रतिदिन औसतन 339.70 रैक हुई थी। मामले पर जानकार बताते हैं कि कोयला डिस्पैच के लिए सबसे बेहतर समय नवंबर से मई होता है। जून में तेज गर्मी और इसके बाद मानसून के कारण गिरावट की स्थिति रहती है। कोयले की सबसे कम ढुलाई जून से सितंबर महीने तक होती है। यही तीन-चार महीने मानसून के होते हैं। फिलहाल पावर प्लांटों के पास कोयले का स्टॉक है लेकिन मानसून को देखते हुए इसमें तेजी लाने की जररूत है। झारखंड से औसतन प्रतिदिन 75 रैक कोयले की ढुलाई झारखंड से हर दिन 75 रैक कोयले की ढुलाई होती है। मार्च महीने में झारखंड से प्रतिदिन 84 रैक तक कोयला डिस्पैच किया गया था। वहीं अक्तूबर महीने में 60 रैक प्रतिदिन हो गया था। जानकार बताते हैं कि औसतन प्रतिदिन 75 रैक कोयले की ढुलाई झारखंड से होती है। पिछले वित्तीय वर्ष में मार्च महीने में सीसीएल से प्रतिदिन कोयले की ढुलाई 52.1 रैक एवं बीसीसीएल से 28.7 रैक प्रतिदिन हुई थी।

### कांग्रेस ने निकाय चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाए

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव की घोषणा अभी नहीं हुई है लेकिन कांग्रेस सांगठनिक रूप से अभी से सक्रिय हो गई है। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की ओर से रविवार को जारी पत्र में नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के अधीन धनबाद नगर निगम क्षेत्र के लिए अजय कुमार दुबे एवं चास नगर निगम क्षेत्र के लिए बोकारो विधायक श्वेता सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं अनुपमा सिंह को चिरकुंडा नगर परिषद की जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि अजय दुबे धनबाद विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे।वहीं अनुपमा सिंह लोकसभा चुनाव लड़ी थी। श्वेता सिंह बोकारो से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीती। अब तीनों को संभावित निकाय चुनाव के लिए अहम जिम्मेदारी दी गई है।

### श्रीश्री पंचमूर्ति मंदिर में 14 जून को मनेगा वार्षिकोत्सव

**धनबाद :** धनबाद श्रीश्री पंचमूर्ति मंदिर समिति की बैठक रविवार को जेसी मल्लिक स्थित मंदिर प्रांगण में हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा ने की। संचालन समिति के सचिव राकेश सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर के वार्षिकोत्सव पर 14 जून को 24 घंटे श्री अखंड हरि कीर्तन कराया जाएगा।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के बेलटांड़ स्थित श्री श्री संकट मोचन बजरंगबली मंदिर परिसर में सोमवार को सुहागिनों ने अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखकर वट सावित्री की पूजा की। मंदिर कमेटी की ओर से कुछ महीनों पूर्व ही वट वृक्ष के चारों ओर चबूतरे का निर्माण कराने एवं शिवलिंग की स्थापना के अलावा पूरा परिसर की ढलाई एवं साफ-सफाई की व्यवस्था को बनाए रखने से इस वर्ष व्रतियों की भीड़ देखी गई। पहली बार दर्जनों की संख्या में पहुंची महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इसमें मुख्य रूप से मंदिर कमेटी से जुड़े शिशुपाल सिंह सरदार, रंजीत माझी, सत्यनारायण अग्रवाल व रंजन दास आदि ने व्रतियों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई।
इस दौरान बुजुर्ग महिलाओं ने व्रतियों को आशीर्वाद भी दिया। बताते हैं कि ये व्रत साल में एक बार आता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे पूजा करते हुए घर में सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। वट वृक्ष की जड़ें जितनी लंबे समय तक जीवित रहती हैं, उतनी ही लंबी आयु की कामना पति के लिए की जाती है।

### पूर्व जिप उपाध्यक्ष ने किया निशुल्क पानी वितरण

**जमशेदपुर :** भीषण गर्मी और जलसंकट के बीच बागबेड़ा के निवासियों के लिए राहत भरी पहल करते हुए पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह के निजी टैंकर से शनिवार को क्षेत्र के चार अलग-अलग स्थानों पर निःशुल्क शुद्ध पेयजल का वितरण किया गया। यह सेवा शांतिनिकेतन स्कूल (कॉलोनी रोड नंबर 1), गुरुद्वारा के समीप, गांधीनगर वॉयरलैस मैदान के पास तथा लकड़िया बागान क्षेत्र में दी गई।जल वितरण के दौरान स्थानीय लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग जार, बाल्टी, ड्रम आदि में बारी-बारी से पानी भरते नजर आए। इस पहल को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों, संचालन समिति एवं स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला।पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने बताया कि पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह निःस्वार्थ भावना से पूरे बागबेड़ा क्षेत्र में नियमित रूप से पानी पहुंचा रहे हैं, जिससे गर्मी के इस कठिन समय में लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने राजकुमार सिंह के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए धन्यवाद भी दिया।

# बैंक मोड़ थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में हुई बैठक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

धनबाद जिला अंतर्गत बैंक मोड़ थाना परिसर में थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।इस क्रम में क्षेत्र के सभी होटल/लॉज संचालक उपस्थित थे। उक्त बैठक में उपस्थित होटल संचालको को निर्देशित किया गया कि आगंतुकों की प्रविष्टिस होटल रजिस्टर में होने के साथ -साथ उनका वैध पहचानपत्र भी उसके साथ संलग्न होना अनिवार्य है। सभी होटल संचालक प्रतिदिन सुबह 11 बजे तक आगंतुकों की विवरणी पहचानपत्र के साथ थाना में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बिना बैध पहचानपत्र के किसी भी व्यक्ति को होटल में कमरा उपलब्ध नहीं कराना है। होटल का सीसीटीवी कैमरा उचित स्टोरेज के साथ समुचित रूप से क्रियाशील होनी चाहिए। प्रत्येक होटल संचालक मुख्य सड़क की ओर रुख करके दो सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी आगन्तुक की स्थिति संदिग्ध लगने पर निर्भीक होकर इसकी सूचना थाना को उपलब्ध कराएंगे। बिना वैध लाइसेंस के होटलों में मदिरा सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित है, इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। नाबालिग बच्चों को बिना उनके अविभावक के कमरा उपलब्ध नही कराएंगे।

### अपनी बात : हमें आप पर गर्व है सर




**बिनय मिश्रा**

मैंने अपने पत्रकारिता के 35 वर्षों के दौरान यह पहली बार देखा कि जिला के सर्वोच्च अधिकारी और जिला के पुलिस कप्तान राज्य सरकार के द्वारा लोगों को सहज रूप से ?5 में दाल भातभोजन सुलभ कराने की जो योजना औरव्यवस्था प्रारंभ की है उसकी गुणवत्ता और स्वाद जानने के लिए दोनों जिला के सर्वोच्च अधिकारी सामान्य रूप से उपस्थित होकर दाल भात केंद्र में भोजन कर एक अनुकरणीय कार्य करने के साथ-साथ यह स्वस्थ संदेश भी दिया है कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस जनहित और बेहतर कार्य सुचारू रूप से जो चलाए जा रहे हैं उसकी गुणवत्ता और स्वाद कैसी है इसकी जांच के साथ-साथ इस केंद्र में उनकी उपस्थिति वाकई तारीफ के काबिल है जिला के उपायुक्त मनीष कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा 2018 बीच के अधिकारी हैं तथा इससे पूर्व वेपूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर में डीडीसी भी रह चुके हैं इसके अलावा कोडरमा में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित रहे श्री कुमार जहां भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर कार्यों से जिला और अनुमंडल को काफी बेहतर बनाया वहीं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार भी भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए राज्य में पहचाने जाते हैं श्री कुमार इससे पूर्व रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक तथा जमशेदपुर में वरीय पुलिस अधीक्षक के रूप में भी पदस्थापित रह चुके हैं रामगढ़ में जब यह पदस्थापित थे और इनका तबादला हुआ था तब उनके सम्मान में निकाली गई विशाल रूप से विदाई समारोहआज भी रामगढ़ जिला में यादगार और ऐतिहासिक रहा है वहीं पाकुड़ जिला में इन दोनों सर्वोच्च अधिकारी के द्वारा दाल भात केंद्र में पहुंचकर भोजन करना निश्चित तौर पर एक बेहतर और गौरव की बात है और यह अनुकरणीय कार्य हर जिला में हो तो यह केंद्र काफी बेहतर होगा और यह योजना भी काफी कारगर सिद्ध होगी।

### प्री-मानसून बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**धनबाद :** झारखंड में प्री मानसून बारिश का असर देखने को मिल रहा है। पिछले 48 घंटे से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया है। उमस वाली गर्मी से राहत मिल गई है। धनबाद का अधिकतम तापमान गिरकर 32 डिग्री पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा। झारखंड में इस साल अच्छी बारिश का पूवार्नुमान लगाया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक ऐसा मानसून के समय से पूर्व आने की वजह से हो पाएगा। राज्य में मानसून का प्रवेश 3 से 5 जून के बीच होने के पूरे आसार हैं। यही वजह है कि प्रदेश में प्री-मानसून की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। लगभग हर दिन पूरे राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। शनिवार को भी लगभग पूरे प्रदेश में रुक-रुक कर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। शनिवार की रात धनबाद और आसपास के जिलों में झमाझम बारिश हुई। रविवार को भी दोपहर बाद आसमान में बादल छाए और हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में हवा की रफ्तार 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटे तक रहने की संभावना जताई है। वज्रपात की भी संभावना बन रही है। मौसम की ऐसी स्थिति 28 मई तक रहेगी। इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 29 और 30 मई को भी राज्य में कहीं-कहीं मेघ गर्जन, तेज हवा का झोंका के साथ वज्रपात की संभावना है।

#### अनियंत्रित तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर

# बाइक सवार गंभीर रूप से घायल अस्पताल में है इलाजरत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी प्रखंड के बेरी ग्राम के समक्ष एक बाइक और विपरीत दिशा से आ रहें एक अनियंत्रित तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने सीधी टक्कर हो गई , और पिंकअप गाड़ी में बाइक फंस गया, फिर भी उक्त पिकअप चालक ने गाड़ी नहीं रोका और बाइक एवं बाइक सवार को काफी दुरी तक घसीटता चला गया , ग्रामीणों का तो यहां तक कहना है कि लगभग 5 किलोमीटर दूर तक पिकअप गाड़ी उक्त बाइक को घसीटा चला गया और एक सुनसान और निर्जन स्थान पर , पिकअप गाड़ी को रोककर फसे हुए उक्त बाइक और बाइक सवार को पिकअप गाड़ी से अलग किया और गंभीर रूप से घायल बाइक सवार व्यक्ति को सड़क पर तड़पता हुआ छोड़



कर , उक्त घटनास्थल से भागने में सफल रहा, बताया जाता हैं की छत्तिसगढ जशपुर जिला अंतर्गत स्थित मनोरा ग्राम निवासी नागेश्वर साय और उसकी चाची सुनीता बाई एक मोटरसाइकिल में सवार होकर और अपने निजी कार्य समाप्त कर वापस अपने घर जशपुर जा रहें थे , इसी क्रम में डुमरी प्रखंड स्थित बेरी ग्राम के समक्ष उक्त बाइक और पिंकअप में सीधी टक्कर हो गई , जिसमें उनकी चाची बाइक से फेकाकर खेत में गिर गयी, जबकि नागेश्वर साय अपने बाइक के साथ घसीटता चला गया और गंभीर रूप से घायल हो गया, फिलहाल नागेश्वर साय और उसकी चाची सुनीता बाई का इलाज गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों के देखरेख में चल रहा हैं , डुमरी थाना पुलिस द्वारा उक्त घटना की छानबीन और पूछताछ शुरू कर दी गई हैं।

# पति से तंग आकर पत्नी गई मायके पति ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट प्रखण्ड मुख्यालय के काली मंदिर क्षेत्र निवासी बिरसा उरांव ने पत्नी के मायके चलें जाने के वियोग में नशेड़ी पति ने किटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास , फलस्वरूप उककी स्थित गंभीर होते को देख , मासूम बच्चों ने पड़ोसियों को बुलाया, तब आनन - फानन में उसे इलाज के लिये कोलेवीरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर होते देख , गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया , जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया परन्तु उसकी स्थिति लगातार गंभीर होते देख डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया हैं, ज्ञातव्य हैं की नशेड़ी पति से तांग आकर गुरुवार को उसकी पत्नी अपने



छोटे बच्चे को लेकर अपनी मायके चली गई, और अपने चार बच्चों को पति के पास ही छोड़ गयी, परन्तु नशेड़ी पति अपने चारों बच्चों को सम्हाल नहीं पा रहा था और फलस्वरूप वह अपनी पत्नी को मोबाइल से फोन कर घर आने को कहा , तब उसकी पत्नी बोली की तुम जब-तक शराब पीना नहीं छोड़ोगे , तब तक मैं घर नहीं आऊंगी , बस फिर क्या था , नशेड़ी पति एकाएक आक्रोशित होकर ताव आ गया और आव देखा न ताव और घर में रखा किटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का किया प्रयास , उसकी स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई हैं।

### टाटा स्टील सिक्योरिटी रिस्क कमेटी का गठन, डीबी सुंदर बने अध्यक्ष

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की सिक्योरिटी रिस्क सब कमेटी का गठन किया गया है. वीपी कॉरपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रमम कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए हैं. वहीं, चीफ सिक्योरिटी कलिंगानगर व मेरामंडली प्रकाश संजय को वैकल्पिक चेयरपर्सन और चीफ सिक्योरिटी व ब्रांड प्रोटेक्शन अरविंद कुमार सिन्हा को संयोजक बनाया गया है. चीफ क्लाउड इंफ्रा नेटवर्क व साइबर सिक्योरिटी मृणाल कांति पाल को आईटीएस का इनवाइटी बनाया गया है. कमेटी में सदस्य के तौर पर वीपी लांग प्रोडक्ट आशीष अनुपम, वीपी ऑपरेशन जमशेदपुर चैतन्य भानु, पीईओ देबाशीष चौधरी, सीआईओ जयंता बनर्जी, चीफ इंटेलिजेंस जीतेंद्र सिंह शेखावत, जीएम ऑपरेशन कलिंगानगर कर्मवीर सिंह, वीपी टीक्यूएम जीएसपी व सप्लाई चेन पीयूष गुप्ता, वीपी मार्केटिंग व सेल्स प्रभात कुमार, चीफ इंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट प्रवीण कुमार विलसन पूर्ति, वीपी कारपोरेट फाइनांस स्मिता शाह, वीपी रॉ मैटेरियल संदीप कुमार, वीपी ऑपरेशन मेरामंडली उत्तम सिंह, चीफ ग्रुप एचआरआईआर जुबिन पालिया शामिल किए गए हैं.

# फरार अभियुक्तों के घरों पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित अल्बर्ट एक्का जारी थाना पुलिस ने तिगड़ा ग्राम निवासी पांच फरारी काट रहे अभियुक्त साके मियां ( पिता - गोदोय मियां ) रुकसाद ( पिता - सिराजुद्दीन खान ) कलुआ ( पिता - मुमताज ) फिरोज ( पिता - सिराज उद्दीन खान ) सुल्तान ( पिता - तली खान ) के घर में इश्तिहार चिपक कर संबंधित न्यायालय में समय सीमा के अंदर आत्मसमर्पण करने का इश्तिहार लगाया गया है , अगर समय सीमा के अंदर संबंधित सभी अभियुक्तों द्वारा न्यायालय



में आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो संबंधित अभियुक्तों के घरों की कुड़की जब्ती किया जाएगा, ज्ञातव्य हैं की तिगड़ा ग्राम निवासी राजेंद्र भगत ने 2023 में अल्बर्ट एक्का जारी थाना में जान से मारने के मकसद से हमला करना और जाति सूचक गली का प्रयोग करने के संबंधित में कुल 9 व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी , जिसमें चार संबंधित अभियुक्तों को पूर्व में ही अल्बर्ट एक्का जारी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज चुकी हैं, जबकि अन्य पांच उक्त संबंधित व्यक्ति लम्बें समय से फरारी काट रहे हैं।